website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 84 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 05 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## मध्य पूर्व संकट:

## दुबई से 149 भारतीयों को लेकर एयर इंडिया की विशेष उड़ान दिल्ली पहुंची


नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच एयर इंडिया ने विशेष अभियान चलाकर दुबई में फंसे 149 भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश पहुंचाया।



मंगलवार सुबह फ्लाइट एआई916डी दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह 10:58 बजे (भारतीय समयानुसार) सुरक्षित उतरी। पंजीकरण संख्या वीटी-ईडीसी वाले इस विमान में सभी यात्री क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों के कारण दुबई में रुके हुए थे। एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया गया। एयरलाइन के अनुसार, संकट की घड़ी में यह किसी भारतीय एयरलाइन द्वारा संचालित पहली विशेष उड़ान है, जिसके जरिए फंसे यात्रियों को वापस लाया गया। एयर इंडिया ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर और सहायक टीमें चौबीसों घंटे सक्रिय रहीं, ताकि असाधारण हालात में भी उड़ान संभव हो सके। संचालन को सुचारू रखने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया गया। एयर इंडिया ने भारत सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और दुबई के स्थानीय अधिकारियों का आभार जताया। एयरलाइन ने दोहराया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और आवश्यक अनुमति मिलते ही अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

## एयर स्ट्राइक के बीच ईरान में 4.3 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर जारी एयर स्ट्राइक के बीच दक्षिणी ईरान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। United States Geological Survey के मुताबिक, फार्स प्रांत के गेराश क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 4.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया



गया। भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है और स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। यह झटका ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में सैन्य तनाव चरम पर है। हालांकि शुरुआती आकलन में भूकंप का मौजूदा सैन्य गतिविधियों से कोई सीधा संबंध नहीं बताया गया है। गेराश, ईरान के लारेस्तान इलाके में स्थित है और यह ज़ाग्रोस फोल्ड थ्रस्ट बेल्ट का हिस्सा है, जो अरेबियन और यूरेशियन प्लेटों की टक्कर से बना है। इसी वजह से ईरान दुनिया के सबसे भूकंपीय सक्रिय देशों में गिना जाता है। ईरान पहले भी बड़े भूकंप झेल चुका है। 1990 में मंजिल और रुदबार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी, जिसमें हजारों लोगों की जान गई थी।

## मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर दुनिया की उम्मीद बना भारत: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद 'सस्टेनिंग एंड स्ट्रेंथनिंग इकोनॉमिक ग्रोथ' विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तेज आर्थिक विकास विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार है।

**बजट वेबिनार सीरीज को मिला सकारात्मक प्रतिसाद**

प्रधानमंत्री ने कहा कि गत सप्ताह बजट वेबिनार सीरीज के पहले सत्र का आयोजन हुआ था, जिसे काफी सफलता मिली। बजट प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर प्रतिभागियों ने उपयोगी और रचनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने सभी की सक्रिय भागीदारी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सीरीज के दूसरे वेबिनार में हजारों लोग विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव देने के लिए जुड़े हैं। विषय विशेषज्ञों की बड़ी भागीदारी को उन्होंने एक सफल और सार्थक प्रयोग बताया।

**आर्थिक विकास को निरंतर मजबूती देने पर जोर**

पीएम मोदी ने कहा कि वेबिनार की थीम देश की आर्थिक वृद्धि को निरंतर मजबूती देने से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं रीशेप हो रही हैं और दुनिया नए साझेदारों की तलाश में है, ऐसे समय में भारत के लिए यह बड़ा अवसर है। उन्होंने दोहराया कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण वैश्विक उम्मीद का केंद्र बन रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने



में तीव्र आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**'मेक मोर, कनेक्ट मोर, एक्सपोर्ट मोर' का मंत्र**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं-अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें और अधिक निर्यात करें। उन्होंने कहा कि यह समय भारत के लिए अपने विनिर्माण और निर्यात क्षमता को नई ऊंचाई देने का है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण भागीदारों की तलाश में है और भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है।

**गुणवत्ता पर समझौता नहीं**

पीएम मोदी ने कहा कि आगे बढ़ने के इस दौर में देश का एक ही मंत्र होना चाहिए- गुणवत्ता, गुणवत्ता और गुणवत्ता। उन्होंने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे अवसरों के नए द्वार खुले हैं। ऐसे में यह देश की जिम्मेदारी है कि उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता से कभी समझौता न किया जाए, ताकि भारत वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत और विश्वसनीय पहचान कायम रख सके।

## पंजाब में ड्रग्स पर सर्जिकल स्ट्राइक!

## एक साल में 51,648 तस्कर गिरफ्तार, 2,277 किलो हेरोइन जब्त

चंडीगढ़ । भगवंत सिंह मान ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का एक वर्ष पूरा होने पर पंजाबवासियों को बधाई दी और इसे राज्य को नशों के खतरे से मुक्त करने की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक अभियान बताया। पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए इस जन आंदोलन की पहली वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुहिम ने नशों के खिलाफ लड़ाई की दिशा बदल दी है और ड्रग सप्लाई नेटवर्क पर सख्त प्रहार किया गया है। एक बयान में उन्होंने कहा, "युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम पंजाब में ड्रग नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई रही है। पिछली सरकारों ने ड्रग व्यापार को संरक्षण दिया, जिससे कई पीढ़ियां बर्बाद हुईं। हमारी सरकार ने सप्लाई लाइन तोड़कर और इस घिनौने अपराध में शामिल बड़ी मछलियों को सलाखों के पीछे भेजकर इस कारोबार की रीढ़ तोड़ दी है।"



**जीरो-टॉलरेंस नीति और व्यापक रणनीति**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए व्यापक और बहुआयामी रणनीति अपनाई गई। मार्च 2025 से फरवरी 2026 तक नशों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति लागू की गई, जिसमें कानून-व्यवस्था, खुफिया तंत्र और सामुदायिक सहयोग को एक साथ जोड़ा गया।

**कार्रवाई का विस्तृत आंकड़ा**

मुख्यमंत्री के अनुसार, इस मुहिम के तहत कुल 36,178 एफआईआर दर्ज की गईं और 51,648 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। 2,277 किलोग्राम हेरोइन और 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए गए। तस्करों से 16.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी जब्त की गई, जबकि करोड़ों रुपये की संपत्तियां कुर्क या ध्वस्त की गईं। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा दर लगभग 84 प्रतिशत रही, जो 2025 में बढ़कर करीब 88 प्रतिशत तक पहुंच गई। इसे मजबूत केस तैयारी और फॉरेंसिक सहयोग का परिणाम बताया गया।

**युवा पीढ़ी को बचाने का संकल्प**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि वर्तमान सरकार नशा पीड़ितों की कीमत पर तस्करों को फलने-फूलने नहीं देगी। उन्होंने दोहराया कि यह लड़ाई पंजाब की युवा पीढ़ी को बचाने के लिए है और सरकार बिना किसी रुकावट के इसे आगे बढ़ाती रहेगी।

## योगी आदित्यनाथ समेत कई मुख्यमंत्रियों ने दी होली की शुभकामनाएं



यूपी। देशभर में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर संदेश जारी कर कहा कि होली रंग, उमंग और सामाजिक समरसता का पावन पर्व है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव आपसी प्रेम, विश्वास और सद्भाव को मजबूत करे। मोहन यादव ने होली को उत्साह और एकता का प्रतीक बताते हुए प्रदेश में खुशहाली की कामना की। नायब सिंह सैनी ने इसे भाईचारे और सद्भाव का संदेश देने वाला पर्व बताया। वहीं नीतीश कुमार ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और इसे प्रेम व सौहार्द के साथ मनाना चाहिए।

## क्या प्रधानमंत्री किसी देश के प्रमुख की इस तरह हत्या का समर्थन करते हैं? राहुल गांधी भी बरसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भारत सरकार से ईरान युद्ध और अयातुल्लाह अली खामेनेई की कथित हत्या के मामले में अपना रुख नैतिक रूप से स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या का समर्थन करते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री की "चुप्पी" से दुनिया भर में भारत की साख प्रभावित हो रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता एक संवेदनशील क्षेत्र को व्यापक संघर्ष की ओर धकेल रही है। लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिकों सहित करोड़ों लोग अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताएं वास्तविक हैं और संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले हमले संकट को और बढ़ाएंगे। उन्होंने ईरान पर एकतरफा हमलों



के साथ-साथ अन्य पश्चिम एशियाई देशों पर ईरान के हमलों की भी निंदा किए जाने की बात कही। उनके अनुसार, हिंसा से हिंसा पैदा होती है और संवाद व संयम ही शांति का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का नैतिक रूप से स्पष्ट रुख होना चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानव जीवन की रक्षा के सवाल पर भारत को साहसपूर्वक बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति संप्रभुता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर आधारित रही है और इसे सुसंगत बनाए रखना आवश्यक है। राहुल गांधी ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी को बोलना चाहिए। क्या वे विश्व व्यवस्था को परिभाषित करने के तरीके के रूप में किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या का समर्थन करते हैं?"

**सोनिया गांधी ने की संसद में चर्चा की मांग**

इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी अयातुल्लाह अली खामेनेई की 'लक्षित हत्या' पर सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार का रुख भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा करता है। सोनिया गांधी ने अंग्रेजी दैनिक The Indian Express में प्रकाशित अपने लेख में कहा कि 9 मार्च से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में इस मुद्दे पर स्पष्ट चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जारी कूटनीतिक वार्ता के बीच किसी पदासीन राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर विघटन का संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से परे भारत की चुप्पी भी हैरान करने वाली है और सरकार को अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के भंग होने के मुद्दे पर अपना स्पष्ट रुख संसद और देश के सामने रखना चाहिए।

## बिहार में सियासी हलचल तेज:

## क्या नीतीश जाएंगे राज्यसभा, भाजपा का होगा सीएम और निशांत बनेंगे डिप्टी?

पटना। होली के बाद बिहार की राजनीति में नए रंग दिखने की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (BJP) का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही, उनके बेटे निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने की भी अटकलें हैं। कहा जा रहा है कि उन्हें डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। हालांकि, इन तमाम चर्चाओं की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) (जेडीयू) में उम्मीदवारों के नाम पर मंथन जारी है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात या गुरुवार सुबह तक तस्वीर साफ हो सकती है। इस बीच एनडीए के सभी विधायकों को पटना बुलाए जाने की खबर है, जिससे सियासी हलचल और तेज हो गई है। अब तक चर्चा थी कि नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत का राजनीति में पदार्पण कराकर उन्हें राज्यसभा भेज सकते हैं। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता भी इसके संकेत दे चुके थे। लेकिन अब



खुद नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की संभावना पर विचार हो रहा है। टीवी सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि भाजपा ने जेडीयू को यह सुझाव दिया है। अंतिम फैसला नीतीश कुमार को ही लेना है। राज्यसभा चुनाव को लेकर जेडीयू के भीतर बैठकों का दौर जारी है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता सीएम से लगातार चर्चा कर रहे हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन 5 मार्च बताया जा रहा है। भाजपा ने अपने दो उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, जबकि जेडीयू के प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है।

**नीतीश ही लेंगे अंतिम फैसला**

बिहार में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर जो भी अटकलें चल रही हैं, उस पर अंतिम निर्णय खुद नीतीश कुमार ही करेंगे। सूत्रों के अनुसार पार्टी नेताओं ने अपना सुझाव उनके सामने रख दिया है। अब सबकी नजर उनके फैसले पर टिकी है। अगले कुछ घंटों में स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जताई जा रही है।

**बिहार विधानसभा का मौजूदा गणित**

243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 89 विधायक, जेडीयू के 85, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) के 19, जीतन राम मांझी की हम पार्टी के 5 और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो के 4 विधायक शामिल हैं। चर्चा है कि यदि नीतीश कुमार राज्यसभा जाते हैं तो सर्वाधिक विधायकों वाली भाजपा अपने मुख्यमंत्री का दावा पेश कर सकती है। फिलहाल पूरा सियासी गणित अटकलों पर आधारित है और गुरुवार सुबह तक तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

## तेज प्रताप यादव ने पटना में खेली होली, ईरान-इज़राइल जंग पर शांति की अपील



पटना। देशभर में 4 मार्च को रंगों का त्योहार होली पूरे जोश और भाईचारे के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में तेज प्रताप यादव ने पटना में अपने समर्थकों के साथ जमकर रंगों की होली खेली। इस दौरान उन्होंने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात पर भी चिंता जताई और ईरान और इज़राइल के बीच जारी तनाव को लेकर शांति की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रेम और भाईचारा बना रहना चाहिए। दुनिया में जो युद्ध जैसा माहौल बन रहा है, वह चिंताजनक है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि दोनों देशों के बीच चल रहा संघर्ष जल्द खत्म हो और शांति कायम हो। तेज प्रताप यादव ने बिहार और देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और मेल-मिलाप का प्रतीक है। इस दिन सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए, चाहे वह कितना भी बड़ा विरोधी क्यों न हो। पटना यूनिवर्सिटी चुनाव को लेकर उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से तीन पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि यह उनकी राजनीतिक यात्रा की मजबूत शुरुआत है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। होली के बाद पूरे बिहार में संगठन को मजबूत करने के लिए यात्रा निकालने की भी घोषणा की।

## तमिलनाडु में 37 लाख लोगों के खाते में आए 2000 रुपये

## सीएम स्टालिन ने किया विशेष पैकेज का ऐलान

नई दिल्ली । तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले डीएमके की एम.के. स्टालिन सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। सरकार के मुताबिक, पिछड़े और वंचित वर्ग के करीब 37 लाख लोगों के खातों में मासिक पेंशन के साथ 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि जमा कराई गई है। इनमें बुजुर्ग, विधवाएं, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'कलाइग्नार मगलीर उरिमाई थिट्टम' (KMUT) योजना का दायरा बढ़ाकर अब कमजोर वर्गों तक कर दिया गया है। पहले यह योजना मुख्य रूप से महिलाओं के लिए घोषित की गई थी। सरकार के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 29 लाख से अधिक बुजुर्गों और विधवाओं को 3200 रुपये तथा 5 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 3500 रुपये का लाभ दिया गया है। इसके अलावा 2 लाख दिव्यांगों को 400 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान



की गई है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों को विशेष वित्तीय मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि फरवरी महीने में महिलाओं को 2000 रुपये का 'समर स्पेशल पैकेज' भी दिया गया। इससे पहले 13 फरवरी को उन्होंने 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के खातों में 5000 रुपये जमा कराने की घोषणा की थी। स्टालिन ने कहा कि मार्च की पेंशन के साथ 2000 रुपये अतिरिक्त महिलाओं के खातों में डाले गए हैं। इसके अलावा जून में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि के दौरान करीब 1 लाख 62 हजार मछुआरा परिवारों को 8000 रुपये की सहायता दी जाएगी, ताकि उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि चाय किसानों को भी सहकारी चाय कारखानों के माध्यम से 2 रुपये प्रति किलोग्राम के आधार मूल्य के हिसाब से 8.53 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के मामले में तमिलनाडु पीछे नहीं रहेगा। उल्लेखनीय है कि साल की पहली छमाही में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## भाजपा ने महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए जारी की उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए अपने चार उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले समेत माया चिंतामण ईवनाते और रामराव कुडकुते को मैदान में उतारा है। इससे पहले भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के लिए नौ अन्य उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इनमें बिहार से नितिन नवीन और शिवेश कुमार, असम से तेरश गोवाला और जोगेन मोहन, छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा से मनमोहन सामल और सुजीत कुमार तथा पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा के नाम शामिल हैं। 18 फरवरी को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 10 राज्यों की 37 रिक्त सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित किया था। आयोग के अनुसार 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और मतगणना उसी




दिन शाम 5 बजे की जाएगी। चुनाव अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की गई थी। नामांकन की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है, जबकि 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 9 मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान के दौरान केवल निर्धारित बैंगनी रंग का विशेष पेन ही मान्य होगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे, ताकि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

# रॉयल पत्रिका
## संपादकीय....

## आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है।

# दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना सफलता की राह में आपकी कैसे मदद कर सकता है

हम सभी जानते हैं कि गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना कितना आसान होता है। अगर आप ध्यान भटकाने वाली कई चीजों में से किसी एक के बहकावे में आ जाएं, तो आप आसानी से गलत मोड़ ले सकते हैं, किसी गड्ढे में गिर सकते हैं या दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। मुझे अक्सर लगता है कि बहुत से लोग न केवल सड़कों पर, बल्कि आम जीवन में भी विचलित रहते हैं। कुछ लोग बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर भटकते रहते हैं (या शायद गोल-गोल गाड़ी चलाते रहते हैं)। वहीं, कुछ लोग अपने गंतव्य और वहां पहुंचने के तरीके पर पूरी तरह से केंद्रित रहते हैं।

यह जानना बहुत ज़रूरी है कि आप किस दिशा में जा रहे हैं और आपका अंतिम लक्ष्य क्या है। आपकी गति और वाहन का प्रकार मायने नहीं रखता – बस याद रखें कि आप कहाँ जा रहे हैं। जब तक आपको यह पता नहीं कि आप कहाँ जा रहे हैं, आपका उद्देश्य क्या है? सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए, हानिकारक विकर्षणों को नज़रअंदाज़ करते हुए स्पष्ट दिशा पर ध्यान केंद्रित करने का सचेत निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। सचेत रहना, चाहे हम रोड ट्रिप पर हों या किसी लक्ष्य की प्राप्ति कर रहे हों, अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का एक प्रभावी तरीका है।

ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें

हमारे आस-पास हर समय कई तरह की चीज़ें हमारा ध्यान भटकाती रहती हैं। ध्यान रखें, ये चीज़ें हमेशा नकारात्मक ही नहीं होतीं। अगर समय और जगह सही हो, तो ये वास्तव में ध्यान भटकाने वाली नहीं होतीं। लेकिन अगर किसी दूसरे काम पर ध्यान केंद्रित करने का समय हो, तो ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज़ नुकसानदायक हो सकती है। अगर हम सचेत रहें, तो हम अपने जीवन में क्या और कब आने देते हैं, इस पर अपना नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

"जानबूझकर बिताए गए दिन एक उद्देश्यपूर्ण जीवन का निर्माण करते हैं।" एड्रिएन एन्स

जीवन में अक्सर हम बिना सोचे-समझे आगे बढ़ जाते हैं। हम अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों को भूल जाते हैं या दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की कोशिश में भटक जाते हैं, बजाय इसके कि हम उन चीजों का पीछा करें जो हमें उद्देश्य और अर्थ प्रदान करती हैं।

सचेत रहने का अर्थ है सोच-समझकर ऐसे निर्णय लेना जो हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बातों को दर्शाते हों। सचेत रहने से हमें सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने, लक्ष्यों को प्राप्त करने, अधिक स्पष्टता का अनुभव करने और वर्तमान में अधिक तल्लीन रहने में मदद मिलती है। इससे हमारा ध्यान और प्रतिबद्धता भी बढ़ती है और हमारे जीवन में अधिक उद्देश्य और अर्थ आता है। असफलता से डरने के बजाय, सचेत रहने वाले व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखते हैं और अपनी परिस्थितियों का सर्वोत्तम उपयोग करते रहते हैं।

थोड़ी देर के लिए पढ़ना बंद करें और खुद से पूछें कि आपको किस चीज़ से प्रेरणा मिलती है। हर सुबह बिस्तर से उठने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है? इसका संबंध आपके लक्ष्यों (जैसे कॉलेज से स्नातक होना), आपकी प्राथमिकताओं (जैसे दूसरों की मदद करना, परिवार का भरण-पोषण करना या कार्यस्थल पर नेतृत्वकर्ताओं का सम्मान प्राप्त करना) या भविष्य के सपनों से भी हो सकता है।

इन सवालों के जवाब देने के बाद, तय करें कि क्या आपका वर्तमान जीवन जीने का तरीका उस उद्देश्य के अनुरूप है। अगर कोई एक दिन के लिए आपका पीछा करे और आपके हर काम और बात पर ध्यान दे, तो आपके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज़ क्या होगी? क्या आपके कार्य आपके उद्देश्य और गहरे मूल्यों से मेल खाते हैं? यदि नहीं, तो आप क्या बदलाव कर सकते हैं ताकि आप अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों के साथ अधिक तालमेल बिठा सकें? इस समय मुझे जो सबसे बड़ा उद्देश्य मिलता है, वह है माँ होना। यह भूमिका मेरे जीवन में सर्वोपरि है, हालाँकि एक छात्रा होने से भी मुझे उद्देश्य मिलता है (हालांकि एक अलग तरीके से)। एक माँ के रूप में अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य करने के लिए, मैंने यह सचेत रहना सीख लिया है कि जब मेरे परिवार को मेरी आवश्यकता हो या वे मेरा ध्यान चाहते हों, तो मैं स्क्रीन का कितना उपयोग करती हूँ। हालाँकि वे समझते हैं कि स्कूल के साथ मेरी जिम्मेदारियाँ हैं, मैं अपने अनावश्यक स्क्रीन समय को सीमित करने का प्रयास करती हूँ और अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन पढ़ने और खेलने के लिए समय निकालती हूँ, क्योंकि उनके बचपन में उनके साथ समय बिताना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

"अगर आपको विकास करना है, तो आपको सुनियोजित होना पड़ेगा।" कर्ट कैम्पमेयर

आप अपने जीवन के स्वामी हैं—आप अपने जीवन को पूरी तरह नियंत्रित करते हैं। आपके जीवन की परिस्थितियों पर आपकी प्रतिक्रिया तय करने का अधिकार किसी और को नहीं है। अपने जीवन को अपने नियंत्रण में रखने और उसमें उद्देश्य खोजने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं।

अपने समय की योजना प्रतिदिन बनाएं

"सोच-समझकर काम करो, सोच-समझकर खेलो, सोच-समझकर आराम करो। न तो खुद को और न ही किसी और को अपना समय बर्बाद करने दो।" - इजे विक्टोरिया ओडियासे

क्या आपने कभी खुद को एक ही ढर्रे पर फंसा हुआ महसूस किया है? मुझे तो ऐसा महसूस हुआ है! मैं तो सबसे पहले तब फंस जाता हूँ जब मैं अपने जीवन का उद्देश्य और अर्थ भूल जाता हूँ। कभी-कभी, मैं तब और भी मुश्किल में पड़ जाता हूँ जब मैं बहुत ज़्यादा तनाव में होता हूँ और अपने लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाता।

मैंने सीखा है कि किसी भी कार्य को सोच-समझकर करने से बहुत फर्क पड़ता है। बिना सोचे-समझे निर्णय लिए दिन बीतने देने के बजाय, अपने दिन की योजना बनाने का प्रयास करें। अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अच्छी आदतें और दिनचर्या स्थापित करना भी आपको ऊर्जा प्रदान कर सकता है और आपकी एकाग्रता और उत्पादकता को बढ़ा सकता है।

अपने दिन की योजना बनाने से आपको सबसे महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करने और अत्यधिक बोझ लेने से बचने में मदद मिलती है। एक ज़िम्मेदार व्यक्ति होने के नाते, यदि कोई चीज़ आपके लक्ष्यों, उद्देश्यों या मूल्यों के अनुरूप नहीं है, तो आप उसे अस्वीकार करने का विकल्प चुन सकते हैं। सीमाएं निर्धारित करना और ज़रूरत पड़ने पर अस्वीकार करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। चारों ओर से आने वाली मांगों से अभिभूत होना आसान है, इसलिए अपने लिए आराम करने और अपनी पसंद की चीज़ों को करने के लिए समय निकालना न भूलें।

लक्ष्य बनाना

"आप धीरे-धीरे आगे बढ़ सकते हैं। अपने सपनों और लक्ष्यों को बदलने की अनुमति दें, लेकिन एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जिएं।" कुमैल नानजियानी

लक्ष्य निर्धारित करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह वास्तव में बहुत सरल हो सकता है। लक्ष्य किसी व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों का प्रतिबिंब होते हैं। लक्ष्य निर्धारित करने से हमें दिशा मिलती है और प्रेरित रहने में मदद मिलती है।

लक्ष्य बनाते समय, यह सुनिश्चित करें कि वे न केवल प्राप्त करने योग्य हों, बल्कि स्पष्ट और विशिष्ट भी हों (लेकिन बहुत अधिक प्रतिबंधात्मक या सीमित न हों)। यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि कोई विशेष लक्ष्य आपके लिए व्यक्तिगत रूप से क्यों महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग अपना लक्ष्य लिखते हैं, वे उन लोगों की तुलना में 3 गुना अधिक सफल होते हैं जो नहीं लिखते (कोलमैन और कोलमैन, 2015)। अपना लक्ष्य लिखते समय, मैं आपको यह भी लिखने के लिए प्रोत्साहित करूंगा कि यह आपके लिए क्यों महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से समर्पण और प्रतिबद्धता बढ़ती है और आपको अपने लक्ष्य को सक्रिय रूप से प्राप्त करने में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलती है। दूसरे शब्दों में, यह याद रखना कि कोई लक्ष्य आपके लिए क्यों महत्वपूर्ण है, उसे अधिक सार्थक बनाता है, जिससे उस लक्ष्य को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा उत्पन्न होती है।

### आह्वान
डॉ. मार्कण्डेय आहूजा



## टूटते परिवारों के बीच संस्कारों की पुकार

आज जब दुनिया तेज़ी से हर क्षण बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन को सरल बना रही है और सुख सुविधाएं बढ़ रही हैं, तब एक प्रश्न गंभीरता से हमारे सामने खड़ा है कि क्या हमारा परिवार उतना ही सशक्त हो रहा है जितना हमारा बाहरी विकास? आर्थिक प्रगति, शहरीकरण, स्मार्ट सिटी और डिजिटल जीवनशैली के बीच भारतीय समाज की मूल इकाई; हमारा परिवार धीरे-धीरे संवादहीनता, संवेदनहीनता, पीढ़ियों की दूरी और संस्कारों के क्षरण का सामना कर रहा है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तन में से एक "कुटुम्ब प्रबोधन" का होना केवल सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान है और इस दिशा में यदि कोई कालजयी मार्गदर्शक है तो वह है भगवद् गीता। कुटुम्ब प्रबोधन का प्रथम सूत्र है; अधिकार से पहले कर्तव्य। गीता का सबसे बड़ा संदेश है; कर्तव्य। "कर्मण्येवाधिकारस्ते..." का सिद्धांत केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है; वह गृहस्थ जीवन का भी मूल है।

आज अधिकांश पारिवारिक विवादों की जड़ में "अधिकार" की अपेक्षा है। पति अपेक्षा करता है, पत्नी अपेक्षा करती है, माता-पिता अपेक्षा करते हैं, बच्चे अपेक्षा करते हैं परंतु यदि हर सदस्य अपने अधिकार से पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान दें, तो घर का वातावरण स्वतः संतुलित हो सकता है। कुटुम्ब प्रबोधन का दूसरा सूत्र है; संवाद को जीवित रखना। गीता का संपूर्ण उपदेश संवाद का अद्भुत उदाहरण ही तो है। अर्जुन भ्रमित थे, किंतु उन्होंने प्रश्न पूछे। श्रीकृष्ण ने उन्हें सुना, समझाया, तर्क दिए और अंततः निर्णय का अधिकार भी उन्हीं को सौंपा। आज परिवारों में सबसे बड़ा संकट संवाद का टूटना है। घर में लोग साथ रहते हैं, पर मन अलग-अलग दिशाओं में भटकते हैं। मोबाइल स्क्रीन ने आमने-सामने बैठकर बात करने की परंपरा को कम कर दिया है। प्रतिदिन कुछ समय ऐसा हो, जब परिवार के सदस्य बिना किसी मोबाइल या अन्य उपकरण के केवल एक-दूसरे से बातचीत करें। तीसरा सूत्र है समभाव यानि हर सदस्य को उसकी विशिष्टता सहित स्वीकार करना। गीता 5.18 में समदृष्टि की शिक्षा दी गई है। विद्वान, साधु, ब्राह्मण, गाय, हाथी; सबमें एक ही आत्मा का दर्शन। यदि यह दृष्टि परिवार में आ जाए तो तुलना की प्रवृत्ति समाप्त हो सकती है। आज भाई-बहन की तुलना, बच्चों की उपलब्धियों की तुलना और आर्थिक स्थिति की तुलना से ईर्ष्या व असंतोष जन्म लेते हैं।



चौथा सूत्र है कि परिवार संस्कारों का प्रथम विद्यालय है और भारतीय इतिहास इस बात का प्रमाण है। शिवाजी मराठा केवल युद्ध कौशल से महान नहीं बने; उनके पीछे माता जिजाऊ के संस्कार थे। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता भुवनेश्वरी देवी की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। स्पष्ट है कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। आज परिवारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं जैसे संयुक्त परिवार का विघटन, पीढ़ियों के बीच वैचारिक दूरी, डिजिटल एवं अन्य व्यसन, और जीवन की तीव्र प्रतिस्पर्धा। गीता इन सबका समाधान; संयम, संतुलन और आत्मचिंतन के माध्यम से देती है। जब व्यक्ति स्वयं को साधता है, तब परिवार सधता है और जब परिवार सधता है, तब समाज संगठित होता है। कुटुम्ब प्रबोधन के व्यावहारिक प्रयोगों में परिवार में सामूहिक प्रार्थना या ध्यान की परंपरा अपनायें। सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भोजन व खुला संवाद करें। बच्चों को नैतिक साहित्य या गीता का एक श्लोक सिखायें। बड़ों के अनुभवों को सुनें और सम्मान दें। निर्णयों में सभी की सहभागिता रखें।

ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। कुटुम्ब प्रबोधन कोई नारा नहीं है, यह एक जीवन शैली है। यह हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन संसद से नहीं, संस्कार से आता है; नीतियों से नहीं, परिवारों से आता है। भगवद्गीता हमें सिखाती है कि भ्रम की स्थिति में भी संवाद, कर्तव्य और समत्व का मार्ग अपनाया जाए। यदि यह शिक्षा हर घर तक पहुंचे, तो परिवार केवल रहने का स्थान नहीं रहेगा अपितु वह मूल्य निर्माण का केंद्र बनेगा। समय की पुकार स्पष्ट है कि यदि हमें समाज को सशक्त बनाना है तो परिवार को जागृत करना होगा और परिवार को जागृत करने के लिए गीता का प्रकाश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कुरुक्षेत्र में था।

(लेखक प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

## व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## होली मिलन

बिहार के पटना में मंगलवार को होली मिलन समारोह के दौरान भगवान कृष्ण और राधा के रूप में सजे कलाकार प्रस्तुति देते हुए।



## आज की पाती

### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चल ही रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के लगभग सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं। परीक्षा सीजन में इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*- मुकेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौते



भारत ने बहुत सारे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है। ऐसे में हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम गुणवत्ता पर कभी भी समझौता न करें।

- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### बेटियों को आर्थिक सुरक्षा



'लखपति बिटिया योजना' और 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार' के जरिए हम बेटियों को आर्थिक सुरक्षा और उनका हक दे रहे हैं। त्योहारों पर फ्री गैस सिलेंडर योजना से गृहिणियों को बचत का उपहार मिल रहा है। वहीं, 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' से उनकी यात्रा सुरक्षित और आसान बनी है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### डोल महोत्सव



भक्ति, संस्कृति और लोकपरंपरा के दिव्य संगम का प्रतीक श्रीश्रीकृष्ण डोल महोत्सव हमारी आध्यात्मिक चेतना की उज्ज्वल अभिव्यक्ति है। पावन बटद्रवा थान में आज होली का यह आध्यात्मिक पर्व मन को गहन आनंद और शांति से भर गया।

हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### वन्यजीवों का योगदान



प्रकृति में पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता को बनाए रखने में वन्यजीवों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज विश्व वन्यजीव दिवस पर इनके संरक्षण, संवर्धन और प्राकृतिक आवासों की रक्षा का संकल्प लेना हम सभी की जिम्मेदारी है।

अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### आर्थिक चुनौतियों की छाया में होगी चीन की संसदीय बैठक

चीन की आधुनिक अर्थव्यवस्था की प्रगति कुंग-फू लड़ने वाले रोबोट और खुद से पार्क होने वाली कारों से भले ही दिखती हो, लेकिन रियल एस्टेट क्षेत्र की सुस्ती, छोटे व्यवसायों की मुश्किलें और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी उसकी रफ्तार को थाम रही हैं। चीनी नेता शी चिनफिंग की उच्च प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित महत्वाकांक्षाओं और धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि की कठोर वास्तविकताओं के बीच का अंतर उस पृष्ठभूमि को रेखांकित करता है, जिसके बीच देश की औपचारिक मानी जाने वाली संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' की वार्षिक बैठक बृहस्पतिवार से शुरू हो रही है।



करीब 3,000 प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाली बैठक में शीर्ष नेता वार्षिक आर्थिक वृद्धि लक्ष्य और 2030 तक की नीतिगत रूपरेखा पेश करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित विकास और घरेलू मांग को संभालने के बीच संतुलन की है। चीन ने 2025 में लगभग पांच प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का दावा किया है, हालांकि कई अर्थशास्त्री आधिकारिक आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापारिक तनाव के बावजूद निर्यात में उछाल और विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया है।

## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



# उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाना समय की जरूरत- उप मुख्यमंत्री

## – 15 औद्योगिक इकाइयों को कारखाना सुरक्षा पुरस्कार, सुरक्षा पुस्तिका का ई-विमोचन



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम-रीपा) में बुधवार को 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उद्योगों में सुरक्षा संस्कृति अपनाने को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल औद्योगिक विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत–2047" के विजन को साकार करने के लिए सुरक्षित और सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार उद्योगों में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने तथा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। डॉ. बैरवा ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल न केवल श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाने और देश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य उद्योगों और संस्थानों में कार्यरत लोगों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करना है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), सेंसर आधारित निगरानी और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपायों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से संभावित खतरों की समय रहते पहचान कर दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सकता है और कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन, संभावित खतरों का समय रहते आकलन तथा आधुनिक तकनीकों का उपयोग दुर्घटनाओं की रोकथाम में अत्यंत सहायक है। उन्होंने उद्योगों से श्रमिकों और कर्मचारियों को नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण देने और कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर उनके द्वारा सुरक्षा जागरूकता पर आधारित पुस्तिका का ई-विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना-2026 के अंतर्गत औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाइयों को सम्मानित किया गया। इसके तहत वृहद, मध्यम और लघु श्रेणियों में चयनित कुल 15 औद्योगिक इकाइयों को कारखाना सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ. बैरवा ने कहा कि सुरक्षा के उच्च मानकों को अपनाने वाले उद्योग श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देते हैं। यह समारोह कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद- राजस्थान स्टेट चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य निरीक्षक, कारखाना एवं बॉयलर्स हरिश कुमार गुप्ता, उप मुख्य निरीक्षक एवं उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, राजस्थान चैप्टर हरीशंकर सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं संस्थानों के अधिकारी, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य तथा कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान पंचायत चुनाव: भाजपा तैयार, तारीखों की घोषणा का इंतजार

## -सत्ता और संगठन ने संभाली कमान, वरिष्ठ नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

जयपुर। राजस्थान में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति लगभग पूरी कर ली है। अब पार्टी को केवल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का इंतजार है। ग्रामीण सरकार के गठन को भाजपा सत्ता और संगठन दोनों के लिहाज से अहम मान रही है, इसलिए तैयारियां पहले से ही तेज कर दी गई थीं। सरकार स्तर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में विभिन्न संभागों के नेताओं के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों का मुख्य एजेंडा पंचायत चुनावों की रणनीति को अंतिम रूप देना रहा। वहीं संगठन स्तर पर जिला परिषद चुनाव समिति और पंचायत चुनाव समिति के नाम भी तय कर लिए गए हैं।

**चुनाव कार्यक्रम के साथ होगी समितियों की घोषणा**

पंचायत चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी हो चुकी है और संभावना है कि अगले महीने चुनाव कराए जाएं। जैसे ही राज्य निर्वाचन आयोग तारीखों की घोषणा करेगा, भाजपा अपनी चुनाव समितियों और प्रभारियों की सूची सार्वजनिक कर देगी। इससे जमीनी स्तर पर चुनावी गतिविधियों को और गति मिलेगी।

**अनुभवी नेताओं को सौंपी अहम जिम्मेदारी**

पार्टी ने पंचायत चुनाव की कमान वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को दी है। इनमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी सहित अन्य प्रमुख चेहरे शामिल हैं। परिसीमन और पुनर्गठन से जुड़ी सिफारिशों को तैयार करने में भी इन नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पार्टी ने इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया कि



नए परिसीमन और संगठनात्मक ढांचे का लाभ चुनावी रणनीति में मिल सके।

**विधानसभा स्तर पर नियुक्त किए विस्तारक**

भाजपा ने पंचायत चुनावों की तैयारी के तहत विधानसभा स्तर पर विस्तारक भी नियुक्त किए थे। इन विस्तारकों को अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ पंचायत चुनाव से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई। इनके माध्यम से पार्टी ने जमीनी फीडबैक जुटाने और मतदाताओं की नब्ज टटोलने का प्रयास किया। इसी आधार पर रणनीति को अंतिम रूप दिया गया है।

**अगले महीने संभव चुनाव, 4.02 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में 4.02 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियां और 14,403 ग्राम पंचायतों में चुनाव कराए जाने की संभावना है। वर्तमान में 12 जिला परिषद और 130 पंचायत समितियों का कार्यकाल अभी शेष है, जो सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर 2026 तक पूरा होगा। 5 सितंबर तक 6 जिला परिषद और 78 पंचायत समितियों का कार्यकाल समाप्त होगा। 29 अक्टूबर तक 2 जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों का कार्यकाल खत्म होगा। 22 दिसंबर तक 4 जिला परिषद और 30 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। पार्टी और संगठन दोनों स्तर पर जारी सक्रियता को देखते हुए संकेत हैं कि चुनावी तारीखों की घोषणा होते ही ग्रामीण राजनीति में हलचल तेज हो जाएगी।

# आईटीबी बर्लिन में राजस्थान पर्यटन का हुआ सशक्त आगाज़

## -वैश्विक मंच पर विरासत, स्थापत्य और सतत पर्यटन मॉडल की हुई प्रभावी प्रस्तुति

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जर्मनी की राजधानी बर्लिन शहर में विश्व के सबसे बड़े पर्यटन व्यापार मेले आईटीबी बर्लिन का मंगलवार को उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर हॉल 5.2 में राजस्थान पर्यटन विभाग के स्टैंड 200 का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान पर्यटन पवेलियन में राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 को भी इस अवसर पर शोकेस किया। उद्घाटन समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग की आयुक्त श्रीमती रूक्मणी रियार, अतिरिक्त निदेशक पवन कुमार जैन एवं संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह उपस्थित रहे। साथ ही राजस्थान के स्टॉक होल्डर में FHTR, टूली इंडिया पैलेस ओन व्हील्स, अल्केमी टू वोयाज प्राइवेट लिमिटेड एवं इंटरएक्टिव टूर्स टू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राजस्थान पर्यटन विभाग की टीम का नेतृत्व कर रही आयुक्त श्रीमती रुक्मणी



रियार ने इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन जर्मनी के अध्यक्ष हरगोविंद सिंह राणा से राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देने की चर्चा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, टूर संचालकों एवं आगंतुकों का राजस्थान पवेलियन में स्वागत किया एवं राजस्थान पर्यटन के नवाचारों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान मंडप अपनी सांस्कृतिक भव्यता, स्थापत्य सौंदर्य और नवाचारपूर्ण प्रस्तुति के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। उल्लेखनीय है कि आईटीबी बर्लिन का आयोजन 3 से 5 मार्च तक होगा जिसमें भारत के अन्य राज्यों के साथ ही राजस्थान पर्यटन विभाग भी राजस्थान में विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिए विभिन्न पर्यटन आकर्षणों को शो केस कर रहा है। आईटीबी के आगामी दिनों में विभिन्न व्यावसायिक बैठकों, राजस्थान पर्यटन की वीडियो फिल्मों तथा संवाद सत्रों के माध्यम से राजस्थान अपनी समृद्ध विरासत, अतिथि सत्कार परंपरा और सतत पर्यटन दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1966 से आयोजित हो रहा यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन विश्व पर्यटन उद्योग का अग्रणी मंच माना जाता है। इस वर्ष इसका साठवाँ संस्करण आयोजित हो रहा है, जो वैश्विक पर्यटन जगत की छह दशकों की यात्रा और उपलब्धियों को रेखांकित कर रहा है। सुव्यवस्थित संरचना के लिए प्रसिद्ध इस मेले में विभिन्न देशों और गंतव्यों के भौगोलिक विभाजन के साथ साहसिक पर्यटन, व्यावसायिक यात्रा, चिकित्सकीय पर्यटन तथा यात्रा प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्र सम्मिलित हैं।

# मुख्यमंत्री निवास पर होलिका दहन:

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार मध्यरात्रि के पश्चात सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। शर्मा ने यहां श्री राज राजेश्वरी मंदिर प्रागंण में विधिवत् रूप से होली पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस की आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की। होलिका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खान एवं भूविज्ञान विभाग ने 12% विकास दर के साथ फरवरी तक 8888 करोड़ से अधिक राजस्व जुटाया - प्रमुख सचिव टी. रविकान्त

## -फरवरी माह में रिकॉर्ड 1060 करोड़ रु. का राजस्व संग्रहित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। खान एवं भूविज्ञान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह में 1500 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य तय करते हुए फील्ड स्तर पर राजस्व संग्रहण की रणनीति तय की है। प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बुधवार को खनिज भवन में संयुक्त सचिव अरविन्द सारस्वत, निदेशक माइंस एमपी मीणा व वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खान विभाग द्वारा 12 फीसदी विकास दर के साथ फरवरी तक 8888 करोड़ 80 लाख रुपए का रेकार्ड राजस्व संग्रहित किया है। यह गत वित्तीय वर्ष के फरवरी माह तक के राजस्व संग्रहण से 952 करोड़ रु. से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि माइंस विभाग के इतिहास में फरवरी माह में 1060 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण का यह अब तक का नया रेकार्ड है। फरवरी माह में निर्धारित एक हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को अर्जित करने पर विभागीय अधिकारियों की पीठ थपथपाई। प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बजट घोषणाओं के समयवद्ध क्रियान्वयन के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने और अप्रेल से खनिज ब्लॉकों और प्लॉटों के ऑक्शन की आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी संभी तरह की बकाया राशि और संभावित राशि की वसूली पर फोकस करने के निर्देश दिए। मार्च माह में खान विभाग के सभी कार्यालयों को अवकाश के दिन भी खुले रखने के निर्देश संयुक्त सचिव माइंस अरविन्द सारस्वत द्वारा जारी किये गये हैं। निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा फरवरी माह के निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद ने शतप्रतिशत से भी अधिक वसूली की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मार्च माह के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में बकाया विधानसभा प्रश्नों के समय पर उत्तर तैयार कर भिजवाने, प्लॉट और ब्लॉक तैयार करने के कार्य में तेजी लाने, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने व संपर्क पोर्टल प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने करवाया रोज़ा इफ्तार

## -रमज़ान का महीना त्याग, संयम, करुणा और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है - सिंह



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। पवित्र माह रमज़ान के अवसर पर मनोहरपुर के तोपचीवाडा स्थित मस्जिद में रोज़ेदार मुस्लिम भाइयों के लिए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह इफ्तार दिगराज सिंह शाहपुरा, राष्ट्रीय महासचिव –अखिल भारतीय किसान कांग्रेस द्वारा सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ आयोजित करवाया गया। रमज़ान का महीना त्याग, संयम, करुणा और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक है। इस अवसर पर दिगराज सिंह शाहपुरा ने रोज़ेदार भाइयों के साथ बैठकर रोज़ा खुलवाया और समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनोहरपुर की पहचान सदैव सामाजिक समरसता और भाईचारे के लिए रही है, और हम सबका कर्तव्य है कि इस परंपरा को और मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक, समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई-बहन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। दिगराज सिंह शाहपुरा ने अपने संबोधन में कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा और हर वर्ग के साथ खड़े रहना है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास, शांति और सौहार्द के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे।

इस इफ्तार कार्यक्रम ने मनोहरपुर में गंगा-जमुनी तहज़ीब की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की और समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

# जयपुर में 'ग्लोबल होली': 24 देशों के मेहमानों संग रंगोत्सव

## -खासा कोठी होटल बनेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मिलन का केंद्र, पर्यटन विभाग के विशेष इंतजाम




जयपुर। गुलाबी नगरी में धुलंडी के मौके पर वैश्विक रंग में रंगी नजर आएगी। ऐतिहासिक खासा कोठी होटल परिसर में आयोजित 'ग्लोबल होली' में दुनिया के 24 देशों से आए विदेशी पर्यटक भारतीय संस्कृति, रंगों और परंपराओं का अनूठा अनुभव करेंगे। यह भव्य आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से किया जा रहा है।

**300 किलो हर्बल गुलाल, 3000 से अधिक मेहमान**

इस वर्ष का आयोजन अपनी भव्यता के कारण खास माना जा रहा है। कार्यक्रम में 3000 से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों के शामिल होने की उम्मीद है। होली खेलने के लिए 300 किलो से अधिक प्राकृतिक (हर्बल) गुलाल की व्यवस्था की गई है, ताकि विदेशी मेहमान सुरक्षित और निडर होकर रंगोत्सव का आनंद ले सकें।

**तिलक, आरती और लोकनृत्यों से सजेगी शाम**

खासा कोठी में प्रवेश करते ही विदेशी मेहमानों का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में तिलक, गुलाल और आरती से किया जाएगा। इसके बाद शुरू होगा लोक कला का रंगारंग कार्यक्रम— कालबेलिया नृत्य: नागिन की तरह लहराती नृत्यांगनाओं की प्रस्तुति मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर देगी। घूमर और चकरी नृत्य: मधुर लोकगीतों की धुन पर पारंपरिक नृत्य विदेशी सैलानियों को भी थिरकने पर मजबूर कर देंगे।

**व्यंजनों में घुलेगा राजस्थान का स्वाद**

रंगों के साथ-साथ स्वाद का भी खास इंतजाम किया गया है। विदेशी मेहमानों के लिए विशेष राजस्थानी व्यंजन परोसे जाएंगे। केसरिया दूध, गुजिया और अन्य पारंपरिक पकवानों के जरिए मेहमान भारतीय मेहमाननवाजी और संस्कृति की मिठास का अनुभव करेंगे।

**पर्यटन विभाग की खास पहल**

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने शहर के विभिन्न होटलों में ठहरे विदेशी पर्यटकों को विशेष निमंत्रण भेजे हैं। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के सहयोग से मेहमानों को खासा कोठी तक लाने की पूरी व्यवस्था की गई है। यह अनूठा आयोजन न केवल राजस्थान के पर्यटन को नई पहचान देता है, बल्कि 'अतिथि देवो भवः' की भावना को भी वैश्विक मंच पर जीवंत करता है।

## जवाहर कला केन्द्र में सजा सहारा आर्ट एंड क्राफ्ट फेयर:

# बनारस से भागलपुर तक की कला, सिल्क और हस्तशिल्प को मिला मंच



जयपुर। जवाहर कला केन्द्र के साउथ विंग में इन दिनों सहारा आर्ट एंड क्राफ्ट फेयर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस मेले में देशभर के पारंपरिक क्राफ्ट और सिल्क उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। खास बात यह है कि इसमें नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित आर्टिजन भी हिस्सा ले रहे हैं, जो अपने हाथों से तैयार उत्कृष्ट उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। आयोजक धर्म सिंह ने बताया कि इस फेयर में भारत के अलग-अलग राज्यों की कला और संस्कृति की झलक एक ही छत के नीचे देखने को मिल रही है। यहां लोग खरीदारी के साथ-साथ विभिन्न हस्तशिल्प और सिल्क उत्पादों की बारीकियों के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं।

**बनारस से भागलपुर तक साड़ियों की शान**

मेले में वाराणसी की प्रसिद्ध बनारसी साड़ियां अपनी पारंपरिक जरी और ब्रोकेड कारीगरी के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। भागलपुर सिल्क साड़ियां अपनी प्राकृतिक चमक और हल्केपन के लिए पसंद की जा रही हैं। कोटा डोरिया की साड़ियां और सूट अपनी महीन बुनावट के कारण गर्मियों के लिए खास माने जाते हैं। लखनऊ की चिकनकारी साड़ियां और कुर्तियां अपनी नाजुक हाथ की कढ़ाई से महिलाओं को लुभा रही हैं, वहीं बगरू प्रिंट और हैंड प्रिंट साड़ियां प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग के कारण विशेष आकर्षण बटोर रही हैं। बांधनी और बंधेज की रंग-बिरंगी साड़ियां और दुपट्टे होली के मौके पर खासे पसंद किए जा रहे हैं।

**ड्रेस मैटेरियल और परिधानों की विविधता**

भरतपुर के ड्रेस मटेरियल, जयपुर की स्टाइलिश कुर्तियां, पंजाबी सूट, पश्चिम बंगाल की साड़ियां और सूट हर आयु वर्ग की महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। कश्मीर के पश्मीना शॉल अपनी गर्माहट और महीन ऊन की गुणवत्ता के कारण खास पहचान रखते हैं। जयपुर की स्टोन ज्वेलरी, इमिटेशन ज्वेलरी और वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी महिलाओं के बीच खासा आकर्षण का केंद्र हैं। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों का सुंदर मेल यहां देखने को मिल रहा है। जयपुर और पंजाबी जूतियां रंग-बिरंगे धागों और कढ़ाई से सजी हुई हैं, जो पारंपरिक परिधानों के साथ खूब जंचती हैं।

**हस्तशिल्प और सजावटी उत्पाद**

मुरादाबाद के ब्रास आर्टिकल अपनी बारीक नक्काशी और धातु कला के लिए प्रसिद्ध हैं। खुर्जा की क्रॉकरी आइटम्स आकर्षक डिजाइन और चमकदार फिनिश के साथ घर की सजावट को नया रूप देती हैं। मिर्जापुर की दरियां और कारपेट मजबूत बुनावट और पारंपरिक डिजाइनों के कारण पसंद किए जा रहे हैं। ओडिशा की पेंटिंग्स और बिहार की मधुबनी पेंटिंग्स भारतीय लोक कला की समृद्ध परंपरा को दर्शाती हैं। इन पेंटिंग्स में प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक प्रतीकों का सुंदर समावेश देखने को मिलता है। इसके अलावा गुजराती बैग, कट वर्क डिजाइन, मैसूर की अगरबत्ती की सुगंध, कश्मीर के ड्राय फ्रूट्स और कानपुर के बैग व लेदर बेल्ट भी मेले में उपलब्ध हैं। फेयर में युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक का उत्साह देखने को मिल रहा है। होली के मद्देनजर रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक उत्पादों की खरीदारी में विशेष रुचि नजर आ रही है।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

## -2 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 1 केन्टर सामान जब्त

जयपुर । नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में त्रिवेणी नगर शॉपिग सेन्टर, एससीजी अस्पताल के सामने वी.टी. रोड़ मानसरोवर, एस.एम.एस ट्रोमा सेन्टर गणेश मन्दिर त्खत शाही रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 1 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में त्रिवेणी नगर शॉपिग सेन्टर, एससीजी अस्पताल के सामने वी.टी. रोड़ मानसरोवर, एस.एम.एस ट्रोमा सेन्टर गणेश मन्दिर त्खत शाही रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 1 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार के सान्निध्य में हर्षोल्लास से मनाया गया होली मिलन समारोह

**शब्बीर हुसैन**



बारां (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार के निजी आवास, नागेश्वर कॉलोनी पर आयोजित होली मिलन समारोह हर्ष, उल्लास और आत्मीयता के वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक राधेश्याम बैरवा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, वरिष्ठ नेता हेमराज मीणा, हरगोविंद जैन, अशोक बत्रा, जिला उपाध्यक्ष जयेश गालव, मुकेश केरवालिया, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, शहर अध्यक्ष ओपी पारेता तथा देहात अध्यक्ष अमरदीप केदाहेड़ी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समारोह में व्यापारी वर्ग, अधिकारी वर्ग एवं मीडिया के बंधु भी विशेष रूप से पहुंचे और जिलाध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विभिन्न वर्गों की सहभागिता से कार्यक्रम सामाजिक समरसता और व्यापक जनसंपर्क का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढंग से गुलाल लगाकर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली का पर्व मनाया। वहीं कार्यकर्ताओं ने होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का भरपूर आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में सौहार्द, संगठनात्मक एकता एवं भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल ने होली के पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया, जिससे उपस्थित कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह का संचार हुआ। जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिला प्रवक्ता योगेश राजोरा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, व्यापारी एवं अधिकारी वर्ग तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उल्लासपूर्ण वातावरण में होली मनाई। समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

# प्रमोद जैन भाया ने गांवों में पहुंचकर मतदाताओं का जताया आभार

## -यह विजय किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र की जागरूक, सजग एवं विकासोन्मुख जनता की जीत है- भाया



बारां (रॉयल पत्रिका) । प्रमोद जैन भाया, अन्ता विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री, विधानसभा उप चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के पश्चात् लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने ग्राम बैंगना, बैंगनी, खेड़ी एवं श्यामपुरा का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों, वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं युवाओं से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें समर्थन, आशीर्वाद एवं विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित कियइं इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा उदपुरिया भी साथ में रहे। गांवों में आगमन पर भाया का ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कई स्थानों पर माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, कांग्रेसजन उपस्थित रहे और अपने विधायक के प्रति उत्साह एवं विश्वास प्रकट किया। अपने सम्बोधन में प्रमोद जैन भाया ने कहा कि यह विजय किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र की जागरूक, सजग एवं विकासोन्मुख जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें पुनः सेवा का अवसर प्रदान किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाया ने उपस्थित ग्रामीणों को आगामी होली एवं धूलण्डी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार हमें भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने एवं मिल-जुलकर क्षेत्र को प्रगति की ओर अग्रसर करने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने भी अपने विधायक के समक्ष विभिन्न स्थानीय समस्याएं एवं आवश्यकताएं रखीं, जिनके समाधान के लिए भाया ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे सदैव क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में सहभागी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में भाया ने एक बार पुनः सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना ही उनका संकल्प है और इस दिशा में वे दिन-रात कार्य करते रहेंगे।

# कोटा: आमीन पठान द्वारा आयोजित रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम में अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों ने की शिरकत



बारां (रॉयल पत्रिका)। रमजानुल मुबारक के मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ की ओर से दरगाह हजरत जंगली शाह बाबा, वल्लभनगर में भव्य रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में रोज़ेदारों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामियां बारां के सदर मन्नू पठान, पूर्व सदर माजिद सलीम, नायब सदर साजिद खान लजीज, पार्षद जाकिर खान, सेकेट्री इमरान रंगरेज, तालीम कन्वीनर अलीम पठान, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, राजू खान बर्तन वाले, हाफिज आसिफ आशु, तालिब पठान, शानू पठान, आदि ने भी कार्यक्रम में पहुंच कर रोजा अफ्तार किया। रोजा अफ्तार कार्यक्रम के बाद अंजुमन सदर मन्नू पठान, पूर्व सदर माजिद सलीम ओर प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता का शॉल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रमज़ान का महीना त्याग, सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सभी धर्मों और समुदायों की सहभागिता ने गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की। अंत में सभी ने देश और प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की। आयोजन सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

# 7 साल की मासूम मारिया पठान ने रखा पहला रोज़ा



बारां (रॉयल पत्रिका)। रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब-ए-इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोज़ा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान का दूसरा अशरा शुरू हो चुका है, इस मुबारक मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोज़ा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। रविवार को जुनेद अंसारी की 7 वर्षीय बेटी मारिया पठान ने अपना पहला रोज़ा मुकम्मल किया। दिन भर परिवार के साथ इबादत में मशगूल रही ओर शाम को मगरिब की अज़ान के साथ रोज़ा अफ्तार किया। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। जिससे परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहता है।

# धुलंडी पर शिष्टाचार भेंट, सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई मुलाकात



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। धुलंडी के अवसर पर नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को शहर के कचोलिया रोड स्थित विधायक निवास पर पहुंचकर क्षेत्र की विधायक डॉ. शिखा मील बराला से शिष्टाचार भेंट कर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। त्योहार के उल्लासपूर्ण वातावर्ण में हुई इस भेंट के दौरान सामाजिक सौहार्द, आपसी समन्वय तथा क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनाए रखने जैसे विषयों पर सामान्य चर्चा हुई। वर्मा ने कहा कि होली जैसे पर्व समाज को जोड़ने और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को सहज बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोकेश शर्मा, नरेंद्र टांक, पंकज गोठवाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। राजेश कुमार वर्मा ने क्षेत्रवासियों को धुलंडी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पारस्परिक प्रेम, भाईचारा और सहयोग की भावना से ही क्षेत्र में शांति और सद्भाव का वातावरण सुदृढ़ होता है ।

# यूडीएच मंत्री खर्रा ने नेता प्रतिपक्ष जूली की माता जी को दी श्रद्धांजलि



जयपुर । नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को कोटपूतली-बहरोड़ के गांव काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।


# बीदासर की द रॉयल ट्रीट होटल पर फायरिंग

## -फायरिंग में एक होटल कारोबारी की हुई हत्या, तीन लोग घायल

## -घायलों को लाया गया राजकीय बगड़िया अस्पताल में उपचार के बाद घायलों को किया रेफर

## -शराब के धंधे को लेकर आपस में था विवाद

मोहम्मद अली पठान



बिदासर/सुजानगढ़/चूरू (रॉयल पत्रिका)। बिदासर की द रॉयल ट्रीट होटल पर फायरिंग में एक होटल कारोबारी की हुई हत्या, तीन लोग घायल, शराब के धंधे को लेकर आपस में था। विवाद, घायलों को लाया गया राजकीय बगड़िया अस्पताल, अस्पताल में उपचार के बाद घायलों को किया रेफर, बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता होटल में मौजूद ।चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव द्वारा गठित एस आई टी को मिली बड़ी सफलता, शराब कारोबारी मुनीराम मंडा के हत्यारों तक पहुंची पुलिस, नामजद आरोपियों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने की सूचना, हत्या के बाद एस पी यादव ने एस आई टी गठित कर बीदासर में डाल लिया था डेरा, पूरे मामले में खुलासा तक, बीदासर थाने के हिस्ट्रीशीटर देवी सिंह कोरिया पर षडयंत्र कर हत्या करवाने का लगा था आरोप, राजू नेहरा, धन्नाराम मोमासर व एक अन्य ने पहुंचकर किए थे अंधाधुंध फायर, मामले में सुभाष गोदारा, सद्दाम अली, हाकम अली, कमल खेरिया के खिलाफ दर्ज हुआ था हत्या का मामला।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा चूरू के बिदासर में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन व्यक्ति धायल हो गए हैं। इस घटना ने पूरे राजस्थान को हिला कर रख दिया है। अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है। इस प्रकार की नृशंस हत्या ने व्यापारियों समेत सभी को डरा दिया है। कभी चूरू, कभी नागौर, कभी जोधपुर तो कभी कोई और स्थान, राजस्थान में इस प्रकार से बेखोफ हो कर हत्याएं होना बेहद आम होता जा रहा है। मुख्यमंत्री को अब तो कम से कम शासन की ओर ध्यान देना चाहिए।

सांसद नागौर,हनुमान बेनीवाल ने ट्वीट कर कहा चुरू जिले के बीदासर में देर रात एक होटल में फायरिंग की घटना से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने व कुछ लोगों के घायल हो जाने के दुःखद समाचार प्राप्त हुए। प्रदेश में बढ़ते गैंगवार व आपराधिक घटनाओं से जनता में भय का माहोल है। होली जैसे पर्व पर इस प्रकार की घटनाएं होना राजस्थान में जंगलराज होने का प्रमाण है, सरकार को गैंगवार व संगठित अपराध रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

डॉ. खानु खान बुधवाली ने कहा चूरू में हुई हालिया गैंगवार और बेखौफ फायरिंग न एक व्यक्ति की जान ली और तीन व्यक्ति घायल हो गए, यह प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गहरे घाव हैं। व्यापारियों में दहशत है, आमजन में असुरक्षा का भाव है और अपराधियों के मन में 'कानून का डर' जैसे शब्द अब बेमानी हो चुके हैं। जब अपराधी दिन दहाड़े वारदातों को अंजाम देकर सुरक्षित निकल जाते हैं, तो सवाल सीधे शासन और प्रशासन की मंशा पर उठते हैं। व्यापारियों और आम नागरिकों का यह डर जायज है कि अगर वे अपने घर और दुकान के बाहर सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रदेश के विकास की बातें सिर्फ किताबी रह जाएंगी। "लोकतंत्र में जनता का सबसे बड़ा अधिकार 'सुरक्षा' है। यदि अपराधी बेखौफ हैं, तो समझ लेना चाहिए कि व्यवस्था कहीं न कहीं गंभीर रूप से बीमार है।" राजस्थान की जनता शांतिप्रिय है, लेकिन शांति का अर्थ कमज़ोरी नहीं है। वक्त आ गया है कि सरकार अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को कागजों से निकालकर धरातल पर दिखाए, ताकि फिर किसी चूरू या नागौर में गोलियों की गूंज सुनाई न दे।

# जन समस्याओं का अम्बार गाय और सान्ड खाते हैं पॉलिथीन तो जिम्मेदार कौन

## -शहर के बीचो-बीच नई सड़क पर जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, बे खबर नगर परिषद प्रशासन

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं। रेलवे स्टेशन से लेकर नई सड़क, मुमताज हॉस्पिटल, सुभाष चौक तक गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जहां पर आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। आसपास के रहने वाले परिवारों ने बताया कि हमारा यहां से घरों से निकलना भी दुश्वार रहता है। आए दिन पशु किसी न किसी को चोट पहुंचाते हैं। गाय और सांड दिन भर कचरा खाते हैं पॉलिथीन खाते हैं। मुमताज हॉस्पिटल के सामने नई सड़क तीराहे पर कचरे के अम्बार पर सांड, गाय और आवारा कुत्तों का झुंड लगा रहता है। आते जाते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामने ही हॉस्पिटल है। और यह गंदगी का आलम बीमारियों को न्योता देता हुआ। पास में ही बिजली विभाग का ट्रांसफॉर्म लगा हुआ है। जो चारों ओर से खुला हुआ है। जिससे कभी भी कोई पशु के चिपकने का खतरा मंडराता रहता है। यहां से दिन में काफी बार प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना रहता है। क्योंकि यह शहर की मुख्य सड़क है। फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाता। या वह ध्यान देना नहीं चाहते। नई सड़क से मोहल्ला तेलियान कि ओर जाने वाला यह रास्ता मुख्य रास्ता है। यह आगे जाकर कई मोहल्लों को जोड़ता है जैसे लीलगरों का मोहल्ला आथूनाबास इत्यादि। जिला प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए और गंदगी और बिजली विभाग का चारों तरफ से खुला पड़ा ट्रांसफॉर्म का स्थाई समाधान करना चाहिए।

# चूरू जिला मुख्यालय पर 08 मार्च को आयोजित होगी ईएसएम रैली




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर 08 मार्च, 2026 को ईएसएम (एक्स—सर्विसमैन) रैली के आयोजन को लेकर फौज और प्रशासन जुटे हैं और तैयारियां जोरों पर हैं। जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाली ईएसएम रैली में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन होगा तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए शिकायत समाधान, रोजगार सहयोग व चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। रैली में करीब 6000 भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन, सैन्य अधिकारी, आमजन आदि भागीदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से ईएसएम रैली में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

**आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां**

सैन्य अधिकारियों ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि ईएसएम रैली के दौरान कलरिपयट्, सिलंबट्टम, हॉट एयर बैलून, डॉग शो, गतका, पाइप बैंड, मलखंभ, फ्लाईपास्ट बाई एएलएच/ डब्ल्यूएसआई व सैन्य उपकरण प्रदर्शन सहित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों, वीरांगनाओं व वेटरन अचीवर्स का सम्मान तथा चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इसी के साथ भूतपूर्व सैनिकों के लिए पेंशन व स्पर्श सहायता, शिकायत समाधान व रोजगार सहयोग तथा दंत चिकित्सा व अन्य चिकित्सा सुविधाओं के लिए शिविर भी लगाया जाएगा।

# चिनायटा में भरा मां चामुण्डा देवी का वार्षिक मेला



**हनीस शेख कुतकपुर**

हिंडौन (रॉयल पत्रिका)। उपखंड क्षेत्र के गांव चिनायटा में मां चामुण्डा देवी का वार्षिक मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास से भरा। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के महंत रामलालदास महाराज ने फीता काट कर की। महंत रामलालदास महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिनायटा के मां चामुंडा देवी मंदिर में मेला भरा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां चामुण्डा देवी के दर्शन कर मेले का लुत्फ उठाया। मेले में मिठाइयां, खिलोने व श्रृंगार की दुकानें लगाई गईं। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मेले में सुबह 10:00 बजे से सुरेंद्र सिंह बेनीवाल एंड पार्टी की तरफ से रागिनी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया व रात 10:00 बजे से गायक कृष्णा गुर्जर और पार्टी की तरफ से देवी मां का जागरण कार्यक्रम किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अजीम खान चिनायटा ने बताया कि मेले में सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया एवं मेले में लगे झूलों का बच्चों ने लुत्फ उठाया। मेले में पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रहा। मेले में महिला, पुरुष व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# रोजा रखने से ब्लड प्रेशर कम होता है और ब्लड शुगर लेवल बेहतर रहता है एवं इम्यून सिस्टम मजबूत होता है- डॉ. मुमताज अली कुरैशी



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित एच एन हॉस्पिटल नई सड़क के निदेशक डॉ. मुमताज अली कुरैशी ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए काफी खास होता है। रमजान के महीने को सिर्फ रोजे यानी व्रत रखने तक ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि ये आत्म सुधार, धैर्य, परोपकार और आध्यात्मिक कार्यों का भी समय होता है। इस महीने रोजेदार (व्रत करने वाले लोग) झूठ बोलने, गुस्सा करने और बुरी आदतों से बचने की कोशिश करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रोजे रखने से बरकत मिलती है, दुआएं कुबूल होती हैं। वयस्कों से लेकर बुजुर्ग तक लगभग सभी रोजा रखते हैं। उपवास को अध्ययनों में सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी बताया गया है। रमज़ान में 30 दिन रोज़ा रखने से कई फायदे होते हैं । ये फायदे शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों तरह के होते हैं।

**शारीरिक फायदेः**

रोजा रखने से वजन कम होता है, रोजा रखने से शरीर डिटॉक्स होता है। रोज़ा रखने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है, रोज़ा रखने से ब्लड प्रेशर कम होता है। रोज़ा रखने से ब्लड शुगर लेवल बेहतर होता है। रोज़ा रखने से दिमाग व सेहत में सुधार होता है. रोज़ा रखने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। रोजा रखने से इंफ्लेमेशन कम होता है. रोज़ा रखने से प्रेलिन हार्मोन रेगुलेट होता है, जिससे भूख पर कंट्रोल रहता है। रोजे रखने का सेहत पर असर रोजे रखने से शरीर पर लगभग उसी तरह से असर होता है जैसे इंटरमिटेंट फास्टिंग का। रोजे के दौरान लंबे समय तक बिना खाए रहने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है। इससे पेट की सफाई होती है और गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती हैं। यह नेचुरल तरीके से शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद करता है। रोजे के दौरान खान-पान को लेकर विशेष सावधानियां बरती जाती हैं। इससे मेटाबॉलिज्म तेज हो जाता है। जिससे शरीर पर जमा चर्बी को ऊर्जा में बदलने लगता है। यह वजन घटाने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इस दौरान चूंकि आप दिनभर खाली पेट रहते हैं इसलिए वेट लॉस करने में काफी प्रभावी हो सकता है। रोजा मानसिक शाति में लाभदायक रोजा रखने से मन शांत रहता है, क्योंकि इसमें आध्यात्मिक ध्यान और संयम शामिल होता है। यह तनाव, चिंता और डिप्रेशन को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा इंसान के भीतर आत्मसंयम, धैर्य और सहनशीलता जैसे गुण विकसित होते हैं, जो मानसिक शाति और आत्मिक विकास में मददगार होते हैं।

# होली स्नेह मिलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह

तारानगर (रॉयल पत्रिका)। तारानगर आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह एव होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आत्मीय मुलाकात की और सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर एवं साफ़ा बांध कर गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मान किया। कार्यक्रम में मंचस्थ जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, चूरू लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं पद्म भूषण से सम्मानित पैरालंपिक खिलाड़ी




देवेन्द्र झाझडिया, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनियां, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण, मडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल एडवोकेट रहे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्हें निरंतर समाजसेवा के पथ पर समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सहजुसर (चूरू) में 3 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

## -होली स्नेह मिलन में शामिल हुए राजेन्द्र सिंह राठौड़

चूरू (रॉयल पत्रिका)। चूरू के निकटवर्ती ग्राम सहजुसर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 21 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें ग्रामवासियों (क्षेत्रवासियों) को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये विकास कार्य गांव के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों से ग्रामवासियों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व नेता



प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ होली स्नेह मिलन समारोह में भी शामिल हुए और ग्रामवासियों के साथ रंगों की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देने वाला पावन पर्व है, जो समाज को आपसी भाईचारे और सौहार्द की डोर में बांधता है।

# सरस्वती शिक्षण समूह बींझबायला में होली स्नेह मिलन, रंगों के साथ बिखरा संस्कार और सौहार्द

**विनोद सोखल**

श्रीगंगानगर/बींझबायला (रॉयल पत्रिका)। सरस्वती शिक्षण समूह बींझबायला में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशियाँ साझा कीं। होली गीतों की मधुर धुनों पर बच्चों व स्टाफ ने सामूहिक नृत्य किया, जिससे विद्यालय परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर हो गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक अनिल खालिया ने सभी बच्चों व स्टाफ को रंग लगाकर संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जीवन में रंगों की तरह सकारात्मकता, अनुशासन और



संस्कारों को अपनाएँ तथा शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपने आचरण में उतारें। कार्यक्रम में संस्था सहप्रबंधिका अन्नपूर्णा न्योल ने होली पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आपसी सहयोग, अपनत्व और खुशी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे अपने व्यवहार में प्रेम, सहनशीलता और सद्भाव बनाए रखें। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम ने बच्चों और स्टाफ के बीच आपसी आत्मीयता को और प्रगाढ़ किया। कार्यक्रम सौहार्द, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर,शिविर में उमड़ रही मरीजों की भीड़

## -4 दिन में 52 क्षारसूत्र शल्य उपचार, 3 हजार 200 से अधिक मरीजों को ओपीडी सेवाएं

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वाधान में मीणा धर्मशाला चौथ का बरवाड़ा में निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन तक बड़ी संख्या में यहां रोगी पहुंचकर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार करवा रहे हैं। शिविर प्रभारी डॉ. मनिंद्र बैरवा ने बताया कि शिविर में प्रथम चार दिन तक कुल 52 मरीजों की क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा की जा चुकी है। अर्श,भगंदर एवं गुदा रोगों के मरीजों को बिना चीर फाड़ की इस पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार दिया जा रहा है, जिससे उन्हें शीघ्र राहत मिल रही है। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रामनरेश मीणा ने बताया कि शिविर में अब तक कुल 65 मरीज का अग्निकर्म, विद्यकर्म एवं रक्तमोक्षण चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार किया जा चुका



है। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से अब तक 246 मरीजो का उपचार किया जा चुका है। शिविर में अब तक कुल 3200 से अधिक मरीजों को ओपीडी में आयुर्वेदिक चिकित्सा पादरी से उपचार दिया जा चुका है। सह प्रभारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि शिविर में आम जनता द्वारा औषध पादप प्रदर्शनी, शुष्क द्रव्य प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य संरक्षण प्रदर्शनी द्वारा आमजन को औषधि पादपो, जीवन शैली ,दिनचर्या की जानकारी दी जा रही है एवं रोजाना प्रातः दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया जा रहा हैं। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ भीम सिंह मीना ने बताया कि शल्य चिकित्सा शिविर में शल्य विशेषज्ञ डॉ. मुकेश मीना, डॉ विजेंद्र मीना, डॉ.तरुण मीना, डॉ. अंजली मीना द्वारा अर्श, भगंदर, फिशर एवं अन्य गुदा रोगों के मरीजों की स्क्रीनिंग कर क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति द्वारा ऑपरेशन किया जा रहा है। शिविर में शिविर समाप्ति की अवधि तक ओपीडी अग्निकर्म एवं पंचकर्म चिकित्सा सेवाएं अनवरत जारी रहेगी।

# माय भारत स्वयंसेवक के चयन के लिए साक्षात्कार स्थगित

सवाई माधोपुर । युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय युवा कोर योजना के तहत 'माई भारत' स्वयंसेवकों के चयन के लिए 7 मार्च को आयोजित होने वाले साक्षात्कार मुख्यालय के निर्देशानुसार अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिए गए है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे आगामी नवीनतम अपडेट के लिए जिला माय भारत कार्यालय के सम्पर्क में रहे।

# रंगों का त्यौहार होली बड़े उल्लास के साथ मनाया गया

## -तरह-तरह के गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सद्भावना का दिया संदेश

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर होली पर्व बड़े उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओ के साथ आमजन एवम् व्यापारियों से रामा शयामा की। सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ मौजासिया चौक से मुख्य बाजार गढ़ चौराहा, सफेद धंटाधर होते हुऐ सुभाष चौक तक रामा शयामा कर लोगो को होली के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जगह जगह व्यापारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा का दुप्पटा पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि होली हमारा एक ऐसा त्यौहार है जो आपसी सद्भावना और भाईचारे का संदेश देता है। होली के इस पावन अवसर पर हम सब लोगो के उत्तम स्वास्थ और मंगल कामनाओं की प्रार्थना ईश्वर से करते है। उन्होने कहा कि मैं ओर मेरी पार्टी के कार्यकर्ता पिछले 40 वर्षो से चूरू के लेगो के साथ प्रत्येक त्यौहार को उनके साथ रहकर मनाते है। और लोगो को शुभकामनाएं देते है। उन्होने कहा कि आज जहां विश्वभर में हिंसा का ताडव दिखाई देता है। वही भारत में आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जा



रहे है। उन्होने सभी देशवासियों से अपील करते हुऐ कहा कि हमारी इस गंगा जमूनी तहजीब को हम सब ध्यान में रखते हुऐ त्यौहार मनाये। कार्यक्रम में शुभकामनाएं देते हुऐ विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह पर्व जहां आपसी सदभाव का संदेश देता है वही पुराने गीले शिकवे मिटाने का सन्देश भी देता है। उन्होने कहा कि शेखावाटी अचल की होली को दुनीया भर में जाना जाता है। पिछले कई दिनो से जिस प्रकार होली की रंगत दिखाई दे रही है। उससे लगता है कि लोगो में आज भी अपने त्यौहारो के प्रति लगाव है। उन्होने कहा कि चूरू के विकास के लिए हम सब संकल्पबंध है और होली के इस पावन पर्व को हम सब मिलकर मनाये और चूरू को विकास के रास्ते पर ले जाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुऐ कहा कि भाईचारे के इस पवित्र होली के पर्व को हम सब कार्यकर्ता मनाते है और चूरू के लोगो से जो प्रेम और उत्साह हमें मिलता है उसे शब्दो में वर्णन नही किया जा सकता। उन्होने कहा कि भारतीय त्यौहार हमे अपने जीवन में सार्थकता का संदेश देते है। उन्होने कहा कि आईये हम सब सुरक्षित स्वच्छता से परिपूर्ण वातावरण का निर्माण करे। हमारे त्यौहारो को परम्परागत रूप से मनाये और हमारे आने वाली पिढी को इनकी जानकारी दे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. वासुदेव चावला, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, मण्डल अध्यक्ष सुरेष सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, दीनदयाल सैनी, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष जांगिड़, प्रधान दीपचन्द राहड़, एस सी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, भाजयुमो जिलामहामंत्री जयपाल सिंह टकणेत, रामचन्द्र शर्मा, कपील चंदेल, रवि दाधीच, नोमान खांन, नीरज जांगिड़, भंवर गर्जुर, पवन गुर्जर मोहन गढ़वाल, रजत शर्मा, राकेश ओझा, नंदू मोजासिया, सीपी शर्मा, सुषील लाटा, राकेष शर्मा, ओमसिंह शेखावत, ओम इन्दोरिया, महेन्द्र न्यौल, अख्तर खां, योगेश तिवाड़ी, विष्वनाथ राजगुरू, महेन्द्र चोबे, शौकत गोरी, आमीन खां , मुंशी खान चायल, हेमसिंह शेखावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महवा पुलिस की बड़ी सफलता:

# गहनोली फायरिंग कांड का 20 घंटे में पर्दाफाश, मुख्य आरोपी सोनू उर्फ निगम मीना गिरफ्तार

**शफीक अली**

महवा/दौसा (रॉयल पत्रिका)। सागर राणा, पुलिस अधीक्षक जिला दौसा के निर्देशन में पुलिस थाना महवा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गहनोली गांव में हुई फायरिंग की घटना का महज 20 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोनू उर्फ निगम मीना को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार दिनांक 02.03.2026 को होली के दिन परिवादी के भतीजे राजेन्द्र व अभिषेक के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी आपसी विवाद को लेकर रात करीब 11 बजे आरोपियों ने गहनोली गांव में परिवादी के घर पर पहुंचकर हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परिवादी भूरसिंह पुत्र रामधन (62 वर्ष) निवासी गहनोली की रिपोर्ट पर थाना महवा में प्रकरण संख्या 97/25 धारा 189(2), 109(1), 351(2) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीना (RPS) के सुपरविजन तथा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम ने मुख्य आरोपी सोनू उर्फ निगम मीना (26 वर्ष) पुत्र समयसिंह, निवासी हुडला थाना महवा, जिला दौसा को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है, जिसके विरुद्ध हत्या, लूट, बलात्कार एवं मारपीट जैसे गंभीर अपराधों के चार पूर्व प्रकरण दर्ज हैं।पूरी कार्रवाई राहुल प्रकाश, महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर, सागर राणा, पुलिस अधीक्षक दौसा तथा हेमन्त कलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा के निर्देशानुसार की गई। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। महवा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय का संदेश गया है।

# महवा में विधायक राजेंद्र मीणा के नेतृत्व में ऐतिहासिक होली मिलन समारोह आयोजित

## -कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, विधायक राजेंद्र मीणा ने कार्यकर्ताओं के साथ डांस कर जीता दिल

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड मुख्यालय के मंडावर रोड स्थित शुभ वाटिका मैरिज होम में बुधवार को धूलंडी के अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया इस होली मिलन समारोह ने ऐतिहासिक रूप ले लिया। शुभ वाटिका मैरिज गार्डन, महवा में आयोजित महुआ "विधानसभा क्षेत्र होली मिलन समारोह" में रंगों, उमंग और आत्मीयता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने महवा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता जनार्दन के बीच पहुंचकर फूलों और रंगों के साथ जमकर होली खेली। ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक गीतों और डीजे की धुनों पर विधायक राजेंद्र मीणा के उत्साहपूर्ण नृत्य ने पूरे पंडाल को तालियों और जयकारों से गुंजायमान कर दिया। होली स्नेह मिलन समारोह में महवा विधानसभा क्षेत्र के शहरों सहित



गांव-गांव ढाणी से बड़ी संख्या में सभी जाति वर्ग धर्म के क्षेत्रवासियों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न विभागों के क्षेत्रीय अधिकारी भी पधारे और अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं बधाई दीं। युवाओं का उत्साह, अपनों का स्नेहिल साथ और हर चेहरे पर मुस्कान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विधायक राजेंद्र मीना ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के रंग में रंगने की प्रेरणा देता है। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि आप सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है और इसी एकजुटता के साथ विधानसभा क्षेत्र के विकास, सौहार्द और समृद्धि के लिए आप सबके सहयोग से हम सब आगे बढ़ते रहेंगे। महवा विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा अपनों के साथ यह होली स्नेह मिलन समारोह क्षेत्रभर में चर्चा का केंद्र, जनएकता का प्रतीक बन गया है ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत कार्याशाला का हुआ आयोजन

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग पाली के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 सप्ताह कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मीडिया कार्यशाला का आयोजन "आत्मा" कृषि विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का परिचय देते हुए भागीरथ उपनिदेशक महिला अधिकारिता द्वारा बताया गया कि आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनप्रतिनिधी, मीडिया, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं एनजीओ द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार व उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सुनिल भण्डारी ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ चलाई जाने वाली योजनाओं चर्चा करते हुए बताया की प्रदेश व देश की महिलाएं सशक्त हो, उनके चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व शिक्षा को मध्यनजर रखते हुए लखपती दीदी जैसी योजनाओं पर धरातल पर लाया गया एवं महिलाओं को सशक्त करने एवं उन्हे समान अवसर प्रदान करने के लिए संसद में एक तिहाई आरक्षण देकर महिलाओं की भागीदारी को भी महत्वपुर्ण माना है। इस कार्यशाला में अधिकारी व कार्मिकों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता सहायक निदेशक टीना अरोडा द्वारा




विधि से संघर्षरत बालकों, गोद लेने की प्रक्रिया, अनाश्रित एव असुरक्षित बच्चों, दतक ग्रहण, बाल श्रम व बाल विवाह आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी प्रकार अमृत जांगिड वरिष्ठ महिला अधिकारिता द्वारा विभागीय योजना मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह एवं अनुदान योजना 2021 व कालीबाई भील उडान योजना की जानकारी प्रदान की। रीना मेवाडा सुपरवाईजर समेकित बाल विकास द्वारा मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी प्रदान की गई। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र रोहट मानसी भंसाली ने बताया कि महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग कर उन्हे विधिक सहायता प्रदान करना एवं दोनो पक्षों की समझाईश कर सुलह करवाने का कार्य किया जाता है। राजश्री जेण्डर स्पेशलिस्ट जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वुमन ने बेटी बचाओं बेटी पढाओं, लाडो प्रोत्सान एवं जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वुमन से संबंधित जानकारी प्रदान की।

# गुमशुदा युवक योगेश प्रजापत का नहीं लगा कोई सुराग

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू /(रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती गांव गाजसर से 28 फरवरी को लापता हुए युवक का आज तक कोई सुराग नहीं लगा है। मिली जानकारी के अनुसार योगेश प्रजापत उम्र 23 वर्ष, पांच दिन से घर से लापता है । वह रात्रि को खाना खाकर सोया था। सुबह चाय पिलाने के लिए देखा तो वह घर में नहीं मिला। घर वालों ने उसे गांव एवं विभिन्न स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। परिजनों की ओर से थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई



गई है। घर वाले बहुत परेशान हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन तलाश कर रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत कार्यशाला आयोजित




चूरू (रॉयल पत्रिका)। महिला अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 04 मार्च से 08 मार्च 2026 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महिला अधिकारिता विभाग, चूरू द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार कार्यशाला का ग्राम पंचायत राणासर ब्लॉक चूरू में आयोजन किया। कार्यशाला में सुपरवाईजर कृष्णा ने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान तस्लीम बानो, ग्राम साथिन सुनीता एवं पन्नाध्याय सम्मान एवं सुरक्षा केन्द्र की परामर्शदाता सुमन चौधरी एवं शारदा कंवर आदि कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# अनंतपुरा में रोजा अफ्तार कार्यक्रम आयोजित



कोटा (रॉयल पत्रिका) । अन्नतपुरा केसर विहार में स्थित मदरसा जामिया हुस्न-ए-तारा में 14 वें रमज़ान के रोज़ा इफ़्तार का कार्यक्रम मुफ्ती शमीम अशरफ की सदारत में हुआ जिसमें काफी संख्या में रोजदारों ने शिरकत कर इफ़्तार किया, मुफ्ती शमीम ने माहे रमज़ान की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि रोज़ा जिस्मानी बुराई को खत्म करके रूहानी ताकत पैदा करता है यह महीना आत्मशुद्धि, खुदा के प्रति कृतज्ञता और अनुशासन विकसित करने के लिए विशेष महत्व रखता है, शहर के सैकड़ो गणमान्य रोजदारों ने शिरकत कर मुल्क में अमन सुकून खुशहाली की दुआएं की इस अवसर पर मुरादाबाद के मुफ्ती अहसान अक्रमी, डॉ. सिराज मंसूरी, अब्दूल सलाम अंसारी, शाहरुख रंगरेज, फजर अब्बासी, नईम खान मिस्त्री, मुन्ना काज़ी आदि मौजूद रहे।



## ‘जलसा’ लाखों चाहने वालों के प्यार और आशीर्वाद की निशानी

# अमिताभ बच्चन

30 साल की यादें समेटे ‘जलसा’, वायरल हुआ अमिताभ का दिल छू लेने वाला बयान, बोले- ‘असली दौलत फैंस का प्यार है’ मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपने घर ‘जलसा’ को लेकर ऐसा भावुक नोट लिखा है, जिसने फैंस का दिल छू लिया. उन्होंने कहा कि ‘जलसा’ उनके लिए सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि लाखों चाहने वालों के प्यार और आशीर्वाद की निशानी है। मेगास्टार अमिताभ बच्चन अक्सर अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। इस बार उन्होंने अपने घर ‘जलसा’ को लेकर दिल छू लेने वाली बात कही है।अमिताभ ने अपने ब्लॉग में लिखा कि यह घर उनके परिवार का सहारा बना हुआ है। यहीं उनके बच्चे बड़े हुए, यहीं उनकी शादियां हुईं और अब उनके पोते-पोतियां भी इसी घर में खेलते हुए बड़े हो रहे हैं। उनके लिए ‘जलसा’ सिर्फ ईंट-पत्थर का मकान नहीं, बल्कि यादों, खुशियों और परिवार के साथ बिताए गए अनमोल पलों की जगह है। अमिताभ बच्चन अक्सर अपनी पोस्ट से सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं.अब उन्होंने अपने ब्लॉग के जरिए फैंस के लिए एक भावुक खुलासा किया है। बिग बी ने लिखा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में भी उनके चाहने वाले समय निकालकर उनसे मिलने आते हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य की दुआ करते हैं। उनके मुताबिक यह प्यार किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। बात अगर अमिताभ बच्चन के करियर की करें तो इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं. वह फिल्म ‘कल्कि 2898 एडी पार्ट 2’ की शूटिंग हैदराबाद में कर रहे हैं, जिसमें वह अश्वत्थामा के रोल में नजर आएंगे. इसके अलावा उनके पास ‘ब्रह्मास्त्र पार्ट 2’, ‘सेक्शन 84’, ‘द इंटर्न’ का हिंदी रीमेक और ‘आंखें 2’ जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।




## ‘सूबेदार’ में बबली दीदी के रूप में मोना सिंह का नया अंदाज

अभिनेत्री मोना सिंह प्राइम वीडियो की फिल्म ‘सूबेदार’ में बबली दीदी के दमदार किरदार में नजर आएगी। प्राइम वीडियो की फिल्म सूबेदार ने एक ऐसा कास्टिंग सरप्राइज दिया है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। बबली दीदी के रूप में, मोना सिंह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जिसे अपराध विरासत में मिला है। वह जेल के पीछे से अवैध रेत खनन के कई घाट चलाती हैं और सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) को लगातार अपनी उंगलियों पर नचाती हैं। ताकतवर, अनप्रिडिक्टेबल और देसी मिट्टी की हकीकत से जुड़ी, यह मोना सिंह का वो अवतार है जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के किसी भी कयास में इस ट्विस्ट की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती थी। मोना सिंह ने बताया कि मुझे सुरेश (त्रिवेणी) का फोन आया, वो मेरे अच्छे दोस्त हैं।उन्होंने मुझसे कहा, ‘मोना, मैं तुम्हें एक ऐसा रोल ऑफर कर रहा हूं जो तुमने पहले कभी नहीं किया है।’ उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई और मेरे किरदार के बारे में बताया, तो मेरा रिएक्शन था ‘अरे बाप रे! यह क्या दे दिया मुझे?’ मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था। मोना सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि सुरेश के साथ काम करने का यह सबसे अच्छा हिस्सा है, और यह हमारा पहला कोलैबोरेशन है। अपने किरदार बबली दीदी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वह सरप्राइज से भरी हुई है और थोड़ी मनमौजी है। वह बहुत ही अनप्रिडिक्टेबल (जिसका अंदाजा न लगाया जा सके) है और अपनी कमियों को लेकर उसे कोई पछतावा नहीं है। यही बात मुझे इस किरदार के बारे में सबसे अच्छी लगी। मोना सिंह ने कहा कि एक हार्टलैंड (देसी) डायलेक्ट (बोली) भी पकडना है और आप गुंडी दीदी भी बनी हुई हो। पूरा सैंड माफिया आप चला रही हैं। और मैंने सूबेदार जी (अनिल कपूर) को पूरी पिक्चर में दुखी कर रखा है। दीदी की वजह से बहुत एक्शन हो रहा है।

## मैं 1500 करोड़ रुपये का आदमी हूं’, जेल से बेल मिलने के बाद बोले राजपाल यादव



9 करोड़ के चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव हाल ही में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आए थे वहीं एक्टर ने इसके कुछ दिन बाद मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी यहां उन्होंने अपने 9 करोड़ रुपये के कर्ज मामले में अपनी बात रखी थी। मीडिया से बातचीत के दौरान, उन्होंने उन सभी लोगों का शुक्रिया भी अदा किया जो उनकी मदद के लिए आगे आए। वहीं उन्होंने फिल्म फेडरेशन से एक फॉर्मल इन्वेस्टमेंट फंड और एक कॉन्ट्रैक्ट फ्रेमवर्क बनाने की भी अपील की ताकि ऐसे मामले दोबारा न हों। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राजपाल यादव ने फिल्म इंडस्ट्री के अंदर फाइनेंस से जुड़े एग्रीमेंट को स्टैंडर्ड बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ‘मैं पूरी फिल्म फेडरेशन से रिक्वेस्ट करता हूं कि फिल्म फाइनेंस के लिए एक इन्वेस्टमेंट फंड पर सहमत हों ताकि आगे बढ़ा जा सके। उन्हें एक बेसिक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए, जिसे विदेशी इन्वेस्टर और एक्टर दोनों फॉलो करें. अगर ऐसा होता है, तो यह बहुत आसान हो जाएगा।

## जब गैंगस्टर्स के लिए सपना चौधरी ने किया था इवेंट, स्टेज पर हुईं बदसलूकी का शिकार



हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के दीवानों की कमी नहीं है। उनकी एक झलक देखने के लिए लाखों लोगों की भीड़ जमा हो जाती है, लेकिन एक समय ऐसा था, जब पैसों की किल्लत की वजह से डांसर को गैंगस्टर की पार्टी में नाचना पड़ता था। इतना ही नहीं, डांसर स्टेज पर बदसलूकी का भी शिकार हुई थीं। सपना चौधरी टीवी रियलिटी शो ‘द 50’ में दिख रही हैं, अपनी मजबूती दावेदारी के साथ वह लंबे समय से शो में टिकी हैं। अब डांसर ने शो में ऐसा खुलासा किया है, जिसे जानकर उनके फैंस के भी होश उड़ गए। दरअसल, सपना ने बताया कि बिग बॉस मिलने से पहले उन्होंने कितने बुरे दिनों का सामना किया और एक समय ऐसा था कि पैसों की कमी की वजह से वह किसी भी तरह के शो करने के लिए तैयार थीं। सपना ने शो में बीती यादों को याद कर बताया कि एक दिन इवेंट के लिए फोन आया और बिना कुछ जाने-पूछे हमने ‘हां’ कर दी। अगले दिन वहां पहुंचने पर टेबल पर हथियार ही हथियार रखे थे। पूछने पर पता चला कि कोई गैंगस्टर जेल से छूटकर आया है तो उसकी खुशी में पार्टी रखी गई है। पहले तो उन्होंने गाने गाए, लेकिन तभी स्टेज पर आकर एक शख्स उन्हें ‘किस’ करके चला गया। सपना नाराज हुईं, लेकिन इतने सारे हथियार देखकर चुप थीं। फिर भी हिम्मत कर उन्होंने कहा कि वो डांस नहीं करेंगी, चाहे तो गोली मार दो।

## ओटीटी पर रिलीज होते ही छाई ये फिल्म

# दिमाग को सुन्न कर देगा क्लाइमेक्स



ओटीटी पर जहां आमतौर पर एक्शन से भरपूर फिल्में छाई रहती हैं, वहीं इस बार एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर ने सबका ध्यान खींच लिया है नेटफ्लिक्स पर रिलीज होते ही यह फिल्म नंबर 1 पर ट्रेंड करने लगी. इतना ही नहीं, इसने रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’ और ‘तेरे इश्क में’ जैसी बड़ी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। आइए जानते हैं आखिर इस फिल्म में ऐसा क्या खास है कि हर तरफ इसकी ही चर्चा हो रही है। दरअसल, हम बात कर रहें हैं फिल्म ‘अक्यूज्ड’ की। फिल्म ‘डॉक्टर जी’ फेम निर्देशक अनुभूति कश्यप एक बार फिर एक हटकर कहानी लेकर आई हैं। ‘अक्यूज्ड’ की कहानी दो महिलाओं के बीच की है, गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा) और मीरा (प्रतिभा रांटा) के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो एक शादीशुदा लेस्बियन कपल हैं। गीतिका एक सफल डॉक्टर है, जिसका करियर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जिसे जल्द ही बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है। गीतिका और मीरा अपनी खुशहाल जिंदगी में एक बच्चा गोद लेने का फैसला करते हैं। लेकिन जिस दिन वो इस खुशी का ऐलान करते हैं, ठीक उसके अगले दिन गीतिका की दुनिया उजड़नी शुरू हो जाती है। कहानी में असली मोड़ तब आता है जब एक अनजान शख्स गीतिका पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का गंभीर आरोप लगा देता है।

## सूर्या की अगली तमिल फिल्म विश्वनाथ एंड संस जुलाई में रिलीज होगी




तमिल अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म का नाम विश्वनाथ एंड संस रखा गया है, जो जुलाई में सिनेमाघरों में दिखाई देगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को इसकी घोषणा की।सितारा एंटरटेनमेंट्स प्रोडक्शन बैनर ने वेंकी अट्लुरी के निर्देशन वाली विश्वनाथ एंड संस का पहला पोस्टर जारी किया है। अट्लुरी लकी भास्कर का भी निर्देशन कर चुके हैं। यह मुख्य अभिनेता के रूप में सूर्या की 46वीं फिल्म है। फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा पर आधारित है और जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्टूडियो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कहा, उनकी उपस्थिति में शक्ति है। उनकी मौजूदगी से अपनेपन का अहसास होता है। एक दिल को छू लेने वाले पारिवारिक ड्रामा में सूर्या का पुराना जादू लौटने वाला है। विश्वनाथ एंड संस साल का सबसे बड़ा पारिवारिक ड्रामा इस साल जुलाई में रिलीज होगा।

## ‘तुम्बाड’ यूनिवर्स का विस्तार, मच अवेटेड सीक्वल में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी


तुम्बाड के अगले अध्याय को एक नई और दमदार ताकत मिल गई है। जी हां, मशहूर एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब ‘तुम्बाड 2’ में नज़र आएंगे। इस कल्ट फ्रैंचाइज़ी के लिए यह एक बड़ी बात है। उनका इस फिल्म से जुड़ना एक साहसिक कदम है और मेकर्स इस यूनिवर्स को और ज्यादा गहरा और दिलचस्प बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अपनी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और इमोशनल एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन इस सीक्वल की कहानी में ज़बरदस्त गहराई लाएंगे। हालाँकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि वो फिल्म की कहानी में एक बहुत ज़रूरी रोल निभाएंगे, जो दर्शकों को मनोवैज्ञानिक रूप से झकझोर देगा और उनके नैतिक मूल्यों को चुनौती देगा। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, ‘मैं ‘तुम्बाड’ की ऑरिजिनैलिटी और उसकी माहौल बनाने वाली कहानी का हमेशा से मुरीद रहा हूँ। जब सोहम ने मुझे सीक्वल का विज़न बताया, तो मुझे कहानी पसंद आई और मैं इस सफ़र में उनके साथ जुड़ गया। इतने बड़े प्रोजेक्ट पर सोहम शाह और पेन स्टूडियो के साथ काम करना वाकई एक्साइटिंग है। मैं जो किरदार निभा रहा हूँ, उसमें कई परतें हैं, और मैं इतनी पैशनेट टीम के साथ इस इम्मर्सिव यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के लिए उत्सुक हूँ। जल्द ही शूटिंग शुरू होने के साथ, ‘तुम्बाड 2’ आने वाले समय की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन रही है। और अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी के आधिकारिक तौर पर इस दुनिया का हिस्सा बनने से, अगला अध्याय और भी अधिक डरावना, गहरा और यादगार होने का वादा करता है।



सोहम शाह के लिए, जो एक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर ‘तुम्बाड’ की दुनिया को लेकर बहुत पैशनेट रहे हैं, नवाज़ को लेना एक बड़ा क्रिएटिव फैसला है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे धाकड़ एक्टर के आने से, अब ये सीक्वल पहली फिल्म के खौफनाक माहौल को बनाए रखते हुए, और भी गहरी और पेचीदा इमोशनल कहानी दिखाने के लिए तैयार है। सोहम शाह ने कहा , ‘नवाज़ सर को ‘तुम्बाड 2’ में लाना हमारे लिए बहुत एक्साइटिंग है। वो ऐसे एक्टर हैं जो हर रोल में गजब की शिद्दत और असलियत लाते हैं। वो जो किरदार निभाएंगे, वो सीक्वल के इमोशनल और साइकोलॉजिकल माहौल को बड़ा करने में बहुत अहम है। नवाज़ सर के आने से, हमें लगता है कि कहानी गहराई और असर के मामले में एक अलग ही लेवल पर पहुंच जाएगी। ‘प्रोड्यूसर डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) ने कहा, ‘पेन स्टूडियोज में हम बेहतरीन कंटेंट दिखाने के लिए कमिटेड हैं और ‘तुम्बाड 2’ के साथ हम सिनेमैटिक एक्सपीरियंस को और भी बड़े लेवल पर ले जा रहे हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को साथ लाना उस विज़न के साथ बिल्कुल सही बैठता है। उनकी कला, वर्सेटिलिटी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म को काफी ऊंचा उठा देगी। ‘’तुम्बाड 2’ को सोहम शाह फिल्म्स के बैनर तले एक्टर-प्रोड्यूसर सोहम शाह लीड कर रहे हैं, और इसमें पेन स्टूडियोज की साझेदारी है, जिसके प्रमुख दिग्गज प्रोड्यूसर डॉ. जंयंतीलाल गड़ा हैं।

## Dhurandhar 2 vs Toxic एडवांस बुकिंग

## यूएस बॉक्स ऑफिस पर आगे निकले रणवीर सिंह, यश का ऐसा हाल




रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश की टॉक्सिक में क्लैश होने वाला है। ये महाक्लैश 19 मार्च को होगा। धुरंधर 2 को आदित्य धर ने बनाया है। वहीं टॉक्सिक को गीतू मोहनदास ने बनाया है. दोनों फिल्में ग्रैंड लेवल पर बनी हैं। धुरंधर 2 और टॉक्सिक की अमेरिका एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। कोई मोई की रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में फिल्म को लेकर काफी बज है। धुरंधर 2 ने एडवांस बुकिंग में 33.7K डॉलर की सेल्स कर ली है. पिछले 24 घंटे में फिल्म ने 159 परसेंट का उछाल देखा है. वहीं शो के काउंट हैं 209 अब तक S में 151 जगहों से 1.9K से ज़्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म 17 दिनों के बाद रिलीज होने वाली है. फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन जैसे स्टार्स नजर आएंगे धुरंधर 2 का टॉक्सिक के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म की एडवांस बुकिंग शानदार हो रही है फिल्म को बस अपनी रफ़्तार बनाए रखने की जरूरत है। धुरंधर 2 की बात करें तो ये 2025 में आई फिल्म धुरंधर का दूसरा पार्ट है इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था. फैंस को फिल्म बहुत पसंद आई थी। वहीं यश की पीरियड गैंगस्टर ड्रामा टॉक्सिक की बात करें तो फिल्म ने यूएस में 81 लोकेशन्स पर 3.6K डॉलर की सेल्स की है। शो काउंट 122 है और पिछले 24 घंटे में फिल्म ने 9 परसेंट ग्रोथ देखी है। टॉक्सिक के 189 टिकस बिक चुके हैं. बता दें कि टॉक्सिक में यश लीड रोल में हैं। गीतू मोहनदास ने इसे बनाया है। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मणि वसंत, नयनतारा जैसे स्टार्स हैं। इस फिल्म को लेकर भी काफी बज है। फिल्म का टीजर बहुत चर्चा में रहा था। रिपोर्ट्स हैं कि इसमें यश को डबल रोल में देखा जा सकता है। यश एक्शन अवतार में दिखेंगे।

## महेश बाबू ने फिल्म द ब्लफ में प्रियंका चोपड़ा जोनास के अभिनय की सराहना की



तेलुगु अभिनेता महेश बाबू ने अपनी फिल्म वाराणसी की सह-कलाकार प्रियंका चोपड़ा जोनास की फिल्म द ब्लफ में उनके काम की प्रशंसा की। महेश बाबू ने कहा कि वह शानदार फॉर्म में हैं, दमदार हैं और अपने दमदार प्रदर्शन से हर कसौटी पर खरी उतरती हैं। महेश ने रविवार शाम को अपने एक्स हैंडल पर एक नोट साझा किया और द ब्लफ को अच्छी फिल्मै बताया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, द ब्लफ एक बेहतरीन ढंग से निर्मित फिल्म है जिसमें आकर्षक एक्शन और भावनाएं हैंउउउ प्रियंका चोपड़ा अपने बेहतरीन फॉर्म में हैं, दमदार अभिनय से हर कसौटी पर खरी उतरती हैं... इस अद्भुत काम के लिए टीम को मेरा ढेर सारा प्यार। फ्रैंक ई. लावर्स द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।रोमांचक पृष्ठभूमि पर आधारित, द ब्लफ प्रियंका द्वारा अभिनीत एक पूर्व समुद्री डाकू की कहानी है, जो अपने हिंसक अतीत को पीछे छोड़क़र अपने परिवार की रक्षा में जुटी है। फिल्म में सफिया ओकले-ग्रीन, टेमुएरा मॉरिसन, इस्माइल क्रूज़ कॉर्डोवा, ज़ैक मॉरिस और डेविड फील्ड जैसे कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्माण फिल्म निर्माता जोड़ी एंथोनी रूसो, जो रूसो तथा एंजेला रूसो-ओटस्टॉट ने अपने बैनर एजीबीओ के तहत किया है। फिल्म वाराणसी तेलुगु भाषा की एक्शन-एडवेंचर फिल्म है।

(साभार एजेंसी)



# खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के चलते

## सिंधु का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर रहना तय, लक्ष्य सेन पर होगी नजर

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से यहां शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) भी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है तथा देर से पहुंचने वाले खिलाड़ियों की मदद करने के लिए तैयार है। सिंधु की टूर्नामेंट में भागीदारी अभी अनिश्चित है, लेकिन भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी सिंगापुर और अफ्रीका के वैकल्पिक मार्गों से बर्मिंघम पहुंच गए हैं। हालांकि यह देखना बाकी है कि लंबी और थका देने वाली यात्रा उनकी तैयारियों को कितना प्रभावित करेगी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है। महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी।

### टी-20 वर्ल्ड कप 2026

# 5 मार्च को सेमीफाइनल से पहले सूर्यकुमार पर टिकी निगाहें

## इंग्लैंड के खिलाफ खेली कई यादगार इनिंग्स



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है और सेमीफाइनल की तस्वीर भी साफ है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जो तय करेगा कि कौन फाइनल में कदम रखेगा और किस टीम का अभियान यहीं खत्म होगा। ऐसे बड़े मैच से पहले सबकी निगाहें भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिनका इंग्लैंड के खिलाफ ञ्च20द्ध रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है।

### इंग्लैंड के खिलाफ शानदार ट्रैक रिकॉर्ड

सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में कई यादगार पारियां खेली हैं। उनका स्ट्राइक रेट 170 से ऊपर रहा है, जो दर्शाता है कि वह इंग्लिश गेंदबाजों पर किस कदर हावी होते हैं। इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता, लेकिन सूर्यकुमार ने पेस और बाउंस दोनों का सामना बेखौफ अंदाज में किया है। मिडिल ऑर्डर में उनकी मौजूदगी भारत को तेजी से रन बनाने का विकल्प देती है।

### 117 रन की ऐतिहासिक पारी

इंग्लैंड के खिलाफ उनका सबसे चर्चित प्रदर्शन 2022 में आया था, जब उन्होंने नॉटिंघम में 55 गेंदों पर 117 रन ठोक दिए थे। यह उनके टी-20 करियर का पहला शतक था। उस पारी में चौकों और छक्कों की झड़ी लगी थी। हालांकि भारत वह मैच जीत नहीं पाया, लेकिन सूर्यकुमार की बल्लेबाजी ने क्रिकेट जगत को प्रभावित किया। यह पारी आज भी इंग्लैंड के खिलाफ उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

# संजू सैमसन की मैच जिताऊ पारी पर फिदा कप्तान सूर्यकुमार



## कही दिल छू लेने वाली बात

### 'अच्छे लोगों के साथ अच्छा होता है' -एसकेबाय

इस जीत के हीरो रहे संजू सैमसन , जिन्होंने नाबाद 97 रन बनाकर मैच खत्म किया। उनकी पारी ने भारत को टूर्नामेंट में बनाए रखा। सूर्यकुमार ने सैमसन की मेहनत और धैर्य की सराहना करते हुए कहा- मैं हमेशा कहता हूं कि अच्छे लोगों के साथ अच्छा होता है, जो धैर्य रखते हैं और इंतजार करते हैं। जब वह नहीं खेल रहे थे, तब भी पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे थे। आज उन्हें उसका फल सही समय पर मिला।

### गेंदबाजों और साझेदारियों की भी तारीफ

सूर्यकुमार ने गेंदबाजों को भी श्रेय दिया, जिन्होंने वेस्टइंडीज को 200 से नीचे रोका। उनका मानना है कि ईडन गार्डन्स में ओस के कारण दूसरी पारी में बल्लेबाजी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि रनचेज के दौरान छोटी-छोटी साझेदारियां मैच की कुंजी साबित हुई और टीम ने गेम को गहराई तक ले जाकर फिनिश किया।

### सेमीफाइनल में इंग्लैंड से टक्कर

अब भारत 5 मार्च को मुंबई के बानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम अभी इस जीत का आनंद लेगी और मुंबई पहुंचने के बाद सेमीफाइनल की तैयारी शुरू करेगी।

### दबाव पर कप्तान का बड़ा बयान

भारतीय कप्तान ने माना कि दबाव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का हिस्सा है। दबाव रहेगा, तभी मजा है। जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो उम्मीदें हमेशा रहती हैं। फर्क इस बात से पड़ता है कि आप उस दबाव को कैसे संभालते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच और साहस के साथ मैदान पर उतरना होगा, खासकर बड़े मुकाबलों में।

**कोलताता (एजेंसी)।**

*कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले गए सुपर-8 के अहम मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद टीम के जज्बे और संयम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह मुकाबला क्वार्टरफाइनल जैसा था और खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतरीन चरित्र दिखाया। यह शानदार एहसास है। जिस तरह लड़कों ने दबाव में खेल दिखाया, वह काबिल-ए-तारीफ है, सूर्यकुमार ने कहा।*

# पाकिस्तान की वर्ल्डकप टीम के प्लेयर्स पर 50-50 लाख जुर्माना

## टीम के खराब प्रदर्शन से पीसीबी नाराज, बोला- हारने की सजा मिलनी चाहिए



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड अपने खिलाड़ियों से जुर्माना वसूलने वाला है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पाकिस्तान के हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (16.28 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया गया। बोर्ड अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को आर्थिक फायदा केवल अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।

**भारत के मैच के बाद लगा दिया था जुर्माना** - पाकिस्तानी फैंस के साथ बोर्ड अधिकारी भी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद ही हर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया गया था।

- **नेशनल प्लेयर्स को हर महीने लाखों रुपए मिलते हैं** - पाकिस्तान में नेशनल टीम का हिस्सा प्लेयर्स को 4 कैटेगरी में सैलरी मिलती है। ए कैटगरी में करीब 65 लाख, बी कैटेगरी में 45 लाख, सी कैटेगरी में 20 लाख और डी कैटेगरी में 12.50 लाख रुपए हर महीने मिलते हैं। हालांकि, जुलाई 2025 से जून 2026 के पिछले कॉन्ट्रैक्ट में पीसीबी ने किसी भी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा। यानी जुर्माने के बाद बी कैटेगरी प्लेयर्स की करीब एक महीने की सैलरी कट जाएगी। वहीं सी और डी कैटेगरी के प्लेयर्स को 2 से 3 महीने की सैलरी जुर्माने में देनी पड़ेगी।
- **श्रीलंका पर जीत के बावजूद बाहर हुआ पाकिस्तान** - पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज के पहले मैच में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज की। इसके बाद ङ्म को हराया। श्रीलंका की परिस्थितियों और स्पिन गेंदबाजों के दम पर भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन टीम 61 रन से हार गई। पाकिस्तान फिर नामीबिया को आखिरी मैच हराकर सुपर-8 स्टेज में पहुंचा।

# एमएलएस लियोनल मेसी के 2 गोल से जीता इंटर मियामी

## पिछड़ने के बाद कमबैक किया, ओरलैंडो सिटी को पहली बार उन्हीं के घर में हराया

**ओरलैंडो (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के शानदार 2 गोल की बदौलत इंटर मियामी ने ओरलैंडो सिटी को 4-2 से हरा दिया। रविवार रात इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मियामी ने 2 गोल से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और मैच जीता। खास बात यह रही कि इंटर मियामी ने अपने इतिहास में पहली बार ओरलैंडो के घरेलू मैदान पर जीत दर्ज की, इससे पहले खेले गए 9 मैचों में टीम को यहां कभी जीत नहीं मिली थी।

### हाफ टाइम तक 2-0 से आगे था ओरलैंडो

मैच की शुरुआत इंटर मियामी के लिए किसी बुरे सपने जैसी रही। ओरलैंडो सिटी ने होम कंडीशन का फायदा उठाते हुए शुरुआती 25 मिनट में ही मियामी को बैकफुट पर धकेल दिया था।

**18वां मिनट-** मार्को पासालिक ने इवान एंगुलो के पास पर गोल कर ओरलैंडो को 1-0 की बढ़त दिलाई। पासालिक का मियामी के खिलाफ यह लगातार चौथा गोल रहा।

**24वां मिनट-** डिफेंडर ग्रिफिन डोर्सी की मदद से मार्टिन ओजेडा ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। हाफ टाइम तक मियामी की टीम परेशानी में नजर आई।

**सेकेंड हाफ में मेसी और सेगोविया का तूफान** - दूसरे हाफ में कहानी पूरी तरह बदल गई। मियामी के खिलाड़ियों ने अटैकिंग फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया।

# भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगा अफगानिस्तान

## धर्मशाला, मुल्लांपुर, चेन्नई और लखनऊ को मेजबानी, 6 से 20 जून के बीच होंगे मुकाबले



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान टीम 6 से 20 जून के बीच भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगी। आईपीएल का 19वां सीजन खत्म होने के बाद सीरीज शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शेड्यूल रिलीज करते हुए बताया कि मुल्लांपुर में टेस्ट मैच से सीरीज शुरू होगी। फिर धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 3 वनडे खेले जाएंगे।

**14 जून को पहला वनडे** - बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज में बताया कि महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 6 से 10 जून तक टेस्ट मैच होगा। फिर 14 जून को एचपीसीए स्टेडियम में पहला वनडे, 17 जून को इकाना स्टेडियम में दूसरा वनडे और 20 जून को चेपॉक स्टेडियम में तीसरा वनडे खेला जाएगा। सभी वनडे दोपहर 1.30 बजे से शुरू होंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। दोनों ने इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे सीरीज खेली थी।

**वर्ल्ड कप खेल रही है टीम इंडिया** - टीम इंडिया फिलहाल होमग्राउंड पर टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। भारत ने रविवार को सुपर-8 स्टेज मैच में वेस्टइंडीज को हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां टीम का सामना 5 मार्च को इंग्लैंड से होगा, मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप स्टेज भी पार नहीं कर सकी। टीम को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार मिली। अफगानिस्तान ने ‹श्व और कनाडा को जरूर हराया, लेकिन ये जीत सुपर-8 स्टेज में पहुंचने के लिए काफी नहीं थीं।

**अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर भारत के खिलाफ ही शुरू किया** - अफगानिस्तान ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत ही टीम इंडिया के खिलाफ मैच से की थी। 2018 में बेंगलुरु के मैदान पर भारत ने पारी और 262 रन से मुकाबला जीत लिया था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते और 7 गंवा दिए। जबकि 2 ड्रॉ रहे।

**भारत को कभी नहीं हरा सका अफगानिस्तान** - अफगानिस्तान और भारत के बीच 4 वनडे खेले गए। सभी मल्टिनेशन टूर्नामेंट में ही रहे। एशिया कप में दोनों ने 2 मैच खेले, 1 में भारत को जीत मिली, जबकि 2018 में एक मुकाबला टाई भी रहा। 2019 और 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी दोनों के बीच 2 मैच हुए। सभी में भारत जीता। दोनों टीमों के बीच पहली बार वनडे फॉर्मेट की सीरीज होने जा रही है।

# ईरान फीफा वर्ल्डकप का बॉयकॉट कर सकता है

## फेडरेशन प्रेसिडेंट बोले- जंग के बीच अमेरिका में फुटबॉल खेलना मुश्किल, 11 जून से टूर्नामेंट

**ब्राजील (एजेंसी)।** फुटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' पर युद्ध का साया मंडराने लगा है। इजरायल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान टूर्नामेंट का बॉयकॉट कर सकता है। ईरान फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा है कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई के बीच अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ईरान को अपने तीनों मैच अमेरिका में ही खेलने हैं।



**उम्मीद के साथ वर्ल्ड कप नहीं देख सकते- मेहदी** - ईरानी स्पोर्ट्स वेबसाइट वर्जिश-3 से बातचीत में मेहदी ताज ने कहा, इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव का माहौल बन गया।

**ट्रंप सरकार ने ट्रैवल बैन भी लगाया** - ईरान के लिए स्पोर्ट्स के अलावा राजनीतिक परेशानियां भी कम नहीं हैं।

- **क्रिकेट वर्ल्ड कप में बांग्लादेश बॉयकॉट कर चुका** - खेल जगत में यह पहला मौका नहीं है जब कोई देश वर्ल्ड कप बॉयकॉट करने के बारे में सोच रहा हो। पिछले महीने ही बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने सुरक्षा कारणों को हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से मना कर दिया था। जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दे दी।

## रंगों के त्योहार में डूबी मायानगरी

# बॉलीवुड के गलियारों में दिखा होली का रंग, सितारे हो गए सराबोर

### मुंबई की सड़कों पर दिखा होली का रंग और भरपूर मस्ती

एजेंसी ⏭ मुंबई

यहां की सड़कों पर इस साल होली का उल्लास देखते ही बना, जहां बॉलीवुड के गलियारों से लेकर पाली हिल्स की हाउसिंग सोसाइटीज तक रंगों की बौछार देखने को मिली।

3 मार्च को महाराष्ट्र में कई लोग होली मना रहे हैं। इस त्योहार में फिल्मी सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा दिए हैं। इसमें रणबीर कपूर रंगों में सने दिखे, इसके अलावा सोहा अली खान भी फैमिली संग रंग खेलती दिखीं।



### रणबीर और राहा की यादगार होली

इस साल के सेलिब्रेशन में सबसे ज्यादा चर्चा रणबीर कपूर और उनकी नन्हीं बेटी राहा कपूर की रही। पाली हिल्स में अपने दोस्तों के साथ होली का आनंद लेते हुए रणबीर पूरी तरह रंगों में सरोबार नजर आए। ग्रे टैंक टी-शर्ट, ब्लू शॉर्ट्स और कैप पहने रणबीर ने न केवल अपनी बेटी के साथ इस खास पल को जिया, बल्कि बाहर खड़े पैपराजी के पास जाकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से 'हैप्पी होली' विश किया।

## सेलेब्रिटीज का होली गेट-टुगेदर



होली का असली मजा नजारा सोहा अली खान और नेहा धूपिया के सेलिब्रेशन में भी दिखा। सोहा अपनी बेटी इनाया के साथ रंगों के खेल में डूबी नजर आईं। जल्द ही इस जश्न में नेहा धूपिया भी अपने बच्चों के साथ शामिल हो गईं।

### इरफान ने खेली बाल्टी से होली




पूरा भारत देश होली के त्योहार में रंग गया है। गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल उड़ रहे हैं। हर तरफ 'बुरा ना मानो होली है' का शोर गूंज रहा है। ऐसे में क्रिकेट के दिग्गजों ने भी जमकर होली खेली। इरफान पठान भी रंगों से सराबोर नजर आए।वीडियो में इरफान पठान कुछ दोस्तों के साथ होली खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इरफान पूरे मस्ती के मूड में दिखाई दिए। उन्हें एक दोस्त रंग लगाने आता है तो वह खूशी से दोनो बांह फैलाकर दोस्त से खूब रंग लगवाते हैं। पठान मस्ती में इस कदर चूर दिखाई दिए कि उन्होंने खुद दोस्तों से जमकर रंग लगवाए।

### डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा पर शाह ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।


### 20 फीट ऊंची आग की लपटों को चीरकर निकले संजू पंडा



*मथुरा। ब्रज की होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि अटूट विश्वास की कसौटी भी है। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे जब कोसीकलां के फालैन गांव में होलिका की लपटें आसमान छू रही थीं, तब संजू पंडा ने दहकते अंगारों के बीच से दौड़ लगाकर सबको हैरत में डाल दिया। ताज्जुब की बात यह रही कि इतनी भीषण आग के बावजूद संजू का शरीर बिल्कुल नहीं झुलसा। यह परंपरा करीब 5200 वर्षों पुरानी मानी जाती है।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उन्नीकृष्णन का निधन



**नई दिल्ली।** होली से पहले कांग्रेस को बड़ी क्षति हुई है। पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री केपी उन्नीकृष्णन का निधन हो गया है। केरल के कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने उन्नीकृष्णन के निधन पर दुख जताया है। उनका का जन्म 1936 में हुआ था।

### वृंदावन में रह रहे पति पत्नी गिरफ्तार



**वृंदावन।** अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने के मामले में पंजाब पुलिस ने सुनरख मार्ग स्थित हरे कृष्णा आर्चिड के फ्लैट से पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दो माह से फरार दंपती की गिरफ्तारी से सोसायटी में हलचल है। पटियाला निवासी सौरभ गुप्ता और उनकी पत्नी अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजते थे।

### असम से कार्बी आंगलोंग अदरक का निर्यात



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि असम ने कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जीआई-टैग प्राप्त कार्बी आंगलोंग अदरक की पहली खेप लंदन भेजी गई है, जो राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। सरमा ने इसे किसानों के लिए गर्व का क्षण और विश्व उपस्थिति का संकेत बताया।

### 'कंगारू कोर्ट' की तालिबानी सजा, छात्र की निर्मम हत्या



**अनुगुल।** ओडिशा में 'कंगारू कोर्ट' का बढ़ता चलन अब सीधे मासूमों की जान लेने लगा है। ताजा और दर्दनाक मामला मयूरभंज जिले के रायरांगपुर से सामने आया है, जहां कंगारू कोर्ट की कथित सुनवाई के बाद भीड़ ने 9वीं के छात्र को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया

# मेक मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर का दिया मंत्र, यह विनिर्माण को ऊंचाई देने का वक्त


### अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का किया आह्वान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा है कि भारत को मिले वैश्विक अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, बल्कि उनसे बेहतर भी होनी चाहिए। गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व की आशा बनी हुई है, तब देश के लिए अधिक निर्माण, अधिक उत्पादन, अधिक संपर्क और अब अधिक निर्यात की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने अनेक देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे नए अवसरों के द्वार खुले हैं।

**वैश्विक अवसरों का लाभ उठाएं**

### 'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय रखा गया



### उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा

पीएम ने कहा कि इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए उद्योगों को अन्य देशों की आवश्यकताओं और वहां के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा तथा उपयोगकर्ता अनुकूल उत्पाद विकसित करने होंगे। उन्होंने उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने, लागत ढांचे को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निवेश के प्रवाह को तेज करने तथा देश के दूरस्थ क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देना होगा।

### बायोफार्मा को वैश्विक केंद्र बनाएंगे

प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित बायोफार्मा शक्ति मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश और कार्बन अवशोषण, उपयोग एवं भंडारण मिशन जैसी पहलों के माध्यम से सतत विकास को व्यापार की मूल रणनीति का हिस्सा बनाने पर भी बल दिया।उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना और परिवहन तंत्र देश की विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं और बजट में पूंजीगत व्यय का रिकॉर्ड प्रावधान इन प्राथमिकताओं को सशक्त करने के लिए किया गया है।

### इस श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि गत सप्ताह बजट वेबिनार श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा और बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और हितधारकों की भागीदारी को लोकतांत्रिक विमर्श का सफल प्रयोग बताया।

### मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर दुनिया में नाम बढ़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तेज आर्थिक विकास विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार है।

### आर्थिक विकास को निरंतर मजबूती देने पर जोर

*पीएम मोदी ने कहा कि वेबिनार की थीम देश की आर्थिक वृद्धि को निरंतर मजबूती देने से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं रीशेप हो रही हैं और दुनिया नए साझेदारों की तलाश में है, ऐसे समय में भारत के लिए यह बड़ा अवसर है। उन्होंने दोहराया कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण वैश्विक उम्मीद का केंद्र बन रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में तीव्र आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

### भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है

*प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं-अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें और अधिक निर्यात करें। उन्होंने कहा कि यह समय भारत के लिए अपने विनिर्माण और निर्यात क्षमता को नई ऊंचाई देने का है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण भागीदारों की तलाश में है और भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है।*

### दुनिया में अनिश्चितताओं के बीच विश्व स्तर पर भारत से उम्मीद

*पीएम मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ज्यादा निर्माण, ज्यादा उत्पादन, ज्यादा कनेक्टिविटी और ज्यादा निर्यात की रणनीति अपनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और एमएसएमई आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मजबूत विनिर्माण ढांचा इन सभी क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करता है।*

## सोनिया ने लिखा लेख

# ईरान संकट पर सरकार चुप क्यों? हम विदेश नीति की आत्मा खो रहे





### प्रधानमंत्री ने राष्ट्राध्यक्ष खामेनेई की हत्या की निंदा तक नहीं की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में हत्या कर दी गई। किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार का संकेत है। इस घटना की स्तब्धता से परे, जो बात है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की है और न ही ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट आपत्ति दर्ज की है।

अमेरिकी-इजराइली हमले की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री ने केवल ईरान द्वारा यूएई पर की गई जवाबी कार्रवाई की निंदा तक स्वयं को सीमित रखा और उससे पहले घटित घटनाक्रम पर मौन साधे रखा। बाद में उन्होंने गहरी चिंता और संवाद एवं कूटनीति की बातें कहीं। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर यदि हमारा देश संप्रभुता या अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में स्पष्ट आवाज़ नहीं उठाता है तो यह हमारी विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता

*इस संदर्भ में चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता। यह हत्या बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के और एक चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग या उसकी धमकी को निषिद्ध करता है। किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इन सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करती है। यदि ऐसे कृत्य विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांतनिष्ठ आपत्ति के बिना गुजर जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण सामान्यीकृत होना आसान हो जाता है।*

### राहुल का पीएम से सवाल

### भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने हालिया घटनाओं को 'अस्थिर क्षेत्र को व्यापक संघर्ष की ओर धकेलने वाला' बताया है और भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा-अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से यह नाजुक क्षेत्र व्यापक संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। करोड़ों लोग, जिनमें लगभग एक करोड़ भारतीय भी शामिल हैं, अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। सुरक्षा संबंधी चिंताएं वास्तविक हैं।*

## कांग्रेस-डीएमके गठबंधन में सीटों पर खींचतान

# चिदंबरम ने स्टालिन से की लंबी बात पार्टियों को अभी समाधान की उम्मीद

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु में चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य में सत्ताधारी डीएमके और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। सीटों की संख्या पर दोनों दलों में सहमति नहीं बन पा रही है। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मोर्चा संभाला है। चिदंबरम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से मुलाकात की। उनके साथ टीएनसीसी प्रमुख के सेल्वापेरुन्थगई भी थे। स्टालिन के साथ कांग्रेस नेताओं की यह बातचीत करीब एक घंटे तक चली।

### सीटों की संख्या पर फंसा मामला



दोनों पार्टियां गठबंधन जारी रखना चाहती हैं। लेकिन सीटों की संख्या को लेकर कुछ असहमति है। शुरुआत में कांग्रेस ने 39 सीटों की मांग की थी। वहीं, डीएमके ने कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट का भी प्रस्ताव दिया था। बातचीत इस बात पर अटकी है कि कांग्रेस को कितनी सीटें दी जाएंगी? डीएमके प्रवक्ता टी के एस एलंगोवन ने वेल्लोर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, "डीएमके चाहती है कि गठबंधन जारी रहे। बातचीत चल रही है और हमारे नेता एक अच्छा फैसला लेंगे।

## कैश-फॉर-जॉब्स मामला

# हाईकोर्ट के आदेश पर डीवीएसी करेगा समीक्षा याचिका पर विचार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के कथित 'कैश-फॉर-जॉब्स' घोटाले में नया मोड़ आ गया है। मद्रास हाईकोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद राज्य सरकार ने कहा है कि डायरेक्टरेट ऑफ विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन यानी डीवीएसी इस आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिका दायर करने पर विचार कर रहा है। मामला मंत्री केएन नेहरू के विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश मणिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की पीठ के सामने राज्य के एडवोकेट जनरल पी.एस. रमन ने कहा कि 20 फरवरी के आदेश, जिसमें तुरंत एफआईआर दर्ज करने को कहा गया था, उस पर डीवीएसी कानूनी राय ले रहा है। यह सुनवाई अवमानना याचिका पर हो रही थी, जिसे एआईएडीएमके सांसद आई.एस. इनबदुरई ने दायर किया है।

## राजस्थान पर्यटन की होली



**जयपुर।** जयपुर में होली के त्योहार के अवसर पर राजस्थान पर्यटन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को 'गुलाल' से रंगा गया।


## डीएलएफ के प्रीमियम फ्लैट्स में न बिजली-न पानी, भारी अनियमितताएं

### रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी की मुसीबत बढ़ी

# सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई को सही स्थिति जानने के निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनियों में से एक डीएलएफ की कानूनी मुसीबतें बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के गुरुग्राम स्थित रिहायशी प्रोजेक्ट 'द प्राइमस डीएलएफ गार्डन सिटी' से जुड़े अनियमितताओं के मामले में सीबीआई जांच के आदेश जारी किए हैं। अदालत ने कहा कि सामने आए तथ्य हिमखंड का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकते हैं। यह निर्देश जस्टिस हसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने उन अपीलों की सुनवाई के दौरान दिए हैं, जिनमें स्वर्णप्रीत कौर समेत कई होमबायर्स ने डीएलएफ होम डेवलपर्स लिमिटेड के खिलाफ दायर किया था।



### सीबीआई निदेशक एक विशेष टीम का गठन करें

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा पूरे मामले में सीबीआई निदेशक एक विशेष टीम का गठन करें और सभी संबंधित व्यक्ति सीबीआई जांच की सहायता करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई टीम स्वतंत्र रूप से कोर्ट के अधिकारियों के रूप में काम करेगी। कोर्ट ने 25 अप्रैलतक जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

### यह अकेला मामला नहीं

कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शायद यह हिमबर्ग का एक छोटा सा हिस्सा है। हमें यह मानना काफी मुश्किल है कि यह सिर्फ एक इकलौती घटना है। हम इसलिए अधिक चिंतित हैं क्योंकि यदि संगठित रियल एस्टेट क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो आम उपभोक्ताओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## देश के कई भागों में दिखा साल का सबसे बड़ा चंद्र ग्रहण

# दिल्ली-एनसीआर और उत्तरप्रदेश में दिखा खूबसूरत नजारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मंगलवार को 2026 का पहला चंद्र ग्रहण लगा। हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण को सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है।

इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई दिया। इसलिए इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। दिल्ली में चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा। सूर्यास्त के आस-पास लगे इस ग्रहण देखने के लिए लोग खुले स्थानों और छतों का रुख करते हुए दिखाई दिए। वहीं, नोएडा में ग्रहण 6 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ हुआ।

### दिल्ली में शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा



### ग्रहण का स्पर्श 3.20 मिनट

यह ग्रहण सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू हुआ लेकिन उस समय भारत में चंद्रमा दिखाई नहीं दिया। भारत में चंद्रमा का उदय शाम लगभग 6:26 से 6:32 बजे के बीच रहा और उसी समय ग्रहण का अंतिम चरण भी रहा। ग्रहण करीब 6:46 से 6:47 बजे के बीच समाप्त हो गया। भारत में यह चंद्र ग्रहण केवल 15 से 20 मिनट के लिए ही दिखाई दिया।

### सूतक काल में जाप और नाम स्मरण शुभ

धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों और व्यक्तियों पर पड़ता है। ग्रहण के समय मंत्र जाप और भगवान का स्मरण करना शुभ माना जाता है, जबकि खाना बनाना, भोजन करना और शुभ कार्य शुरू करना वर्जित बताया गया है। ग्रहण से पहले सूतक काल भी लगता है, जिसे अशुभ समय माना जाता है। सूतक काल में विशेष सावधानी बरतने और भगवान का नाम लेने की सलाह दी जाती है।

### इस दौरान राम मंदिर से काशी विश्वनाथ तक प्रमुख मंदिरों के कपाट रहे बंद



मंगलवार को लगने वाले चंद्र ग्रहण के चलते उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के द्वारा और पूजा समय में बदलाव किया गया। अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ और मथुरा-वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर सहित प्रदेश के बड़े मंदिरों ने 'सूतक काल' और ग्रहण के नियमों का पालन करते हुए दर्शन का नया शेड्यूल जारी किया था। धार्मिक गणनाओं के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर लगने वाला यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा। इसका प्रभाव दोपहर 3:27 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार सूतक काल के दौरान मंदिरों में नियमित अनुष्ठान और दर्शन वर्जित होते हैं, जिसके कारण कपाट बंद रखने का निर्णय लिया गया।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com